दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 233
कोटद्वार मंगलवार
27 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## राजधानी में शीत लहर से जंग

### कंपकपाने वाली हवा ने घर से निकलना किया मुश्किल, पारा और लुढ़का



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ठंड से कंपकपा रही है। जैसे-जैसे साल का अंत नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे शीत लहर का असर देखने को मिल रहा है। राजधानी की सुबह गहरे कोहरे के बीच होती है। वहीं, रात में पारा इतना गिर जाता है कि लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में ठंड के कारण स्कूल की टाइमिंग भी चेंज कर दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली के कुछ इलाकों में रविवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंच गया था। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम हो गया था। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन था।

एनसीआर में सोमवार को हल्की धूप जरूर देखने को मिली, लेकिन ठंडी हवाओं का असर भी बरकरार रहा। पूरे एनसीआर की सुबह घने कोहरे के बीच हुई। दोपहर 12 बजे तक भी वातारवरण में धुंध देखने को मिल रही है। रविवार की तरह ही सोमवार को भी शीत लहर चली। इस शीतलहर के चलते लोग दो पहिया वाहन से आवागमन करने से बच रहे हैं।

दिल्ली से सटे हरियाणा में भी आने वाले दो दिनों तक ठंड का असर बरकरार रहने की उम्मीद मौसम वैज्ञानिक जता रहे है। रविवार को न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री के साथ महेंद्रगढ़ सबसे ठंडा शहर रहा है। इसके अलावा मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। वहीं, पश्चिमी हवा से तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आने की उम्मीद है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर तैनात होंगे शिक्षक!

### सुनिश्चित करेंगे- यात्री कोरोना नियमों का पालन करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों- खासकर विदेश से आने वाले यात्रियों से कोरोना गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को तैनात किया जाएगा। एयरपोर्ट पर 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक 16 दिनों के लिए शिक्षक एयरपोर्ट पर तैनात होकर यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्री कोरोना गाइडलाइंस का पालन कर रहे हों।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विदेश से भारत आ रहे यात्रियों को कोविड से बचाव के लिए गाइडलाइंस का पालन करने को प्रेरित करने के लिए शिक्षकों को तैनात किया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में शीतकालीन अवकाश चलेंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई का भी नुकसान नहीं होगा।

विदेश से आने वाले यात्रियों में प्रतिदिन कोरोना संक्रमित पाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट के बाहर आम लोगों में घुलने-मिलने पर कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए यह पहल की गई है।

## घर में लगी आग, युवक झुलसा

**ऋषिकेश।** इंदिरानगर में एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस दौरान 26 साल का शुभम आग की चपेट में आ गया। झुलसी हालत में 108 एंबुलेंस सेवा से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। बड़ी मुश्किल से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल अधिकारी बीरबल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आग से डेढ़ लाख रुपये का गन्ना जलकर नष्ट

**रुड़की।** पीतपुर निवासी संदीप पुत्र फूल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के पास उसके खेत में गन्ने की फसल खड़ी थी। खेत के पास सड़क के गड्ढों में गांव के कुछ लोग जबरन घर का कूड़ा, कर्कट, गोबर आदि डालते रहे हैं। सोमवार को उन्होंने कूड़ा, कर्कट के साथ ही घर के चूल्हे की राख भी कुरड़ी पर दें क दी। आरोप लगाया कि राख में मौजूद चिंगारियों से उसके गन्ने के खेत में आग लग गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे लोगों ने आधे घंऐ की मशक्कत के बाद आग तो बुझा दी, लेकिन तक तब उसका करीब डेढ़ लाख रुपये का गन्ना जलकर नष्ट हो चुका था। संदीप ने गांव के चार लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपों की जांच कराई जा रही है।

## बदरीनाथ धाम में जमने लगे प्राकृतिक जल स्रोत

**चमोली।** विगत दो दिनों से बदरीनाथ धाम में तापमान तेजी से लुढकने लगा है। जिससे धाम में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। तापमान रात को माइनस 10 और दिन में 2 डिग्री तक तापमान पहुंच रहा है। बढ़ती ठंड के कारण शेष नेत्र, बदरीश झील व बदरीपुरी के आस-पास के प्रातिक नदी-नाले, झरने धीरे-धीरे जमने शुरू हो गए है। आल वेदर सड़क के अंतर्गत कंचन नाले में पुल का कार्य कर रही कार्यदाई संस्था भारत कंट्रक्सन कंपनी के परियोजना प्रबंधक प्रकाश रावत ने बताया कि विगत दो दिन से मौसम बदलने के कारण धाम में ठंड काफी बढ़ गई है।

## गेम की लत छुड़ाने को मां ने छीना मोबाइल, बेटे ने फांसी लगाकर दे दी जान

**लखनऊ,(एजेंसी)।** यूपी के लखनऊमें मोबाइल पर गेम खेलने पर मां ने डांट लगाई तो 10 वर्षीय बच्चे ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। लखनऊ के थाना हुसैनगंज के चितवापुर इलाके का यह मामला है। दरअसल, पति की मौत के बाद कोमल (40) अपने बेटे आरुष (10 वर्ष) और बेटी विदिशा (12 वर्ष) के साथ पिता के घर रहती हैं। परिजनों के अनुसार, बेटा आरुष कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। वहीं, घर पर वह दिनभर मोबाइल गेम खेला करता था। इसको लेकर उसे कई बार समझाया भी गया। इसी बीच, घटना वाले दिन मां ने बेटे की जमकर पिटाई कर दी और उसके हाथों से मोबाइल छीनकर बाहर चली गई। उसी दौरान गुस्से में आरुष ने अपनी बहन विदिशा को कमरे के बाहर भेज दिया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक अंदर से बच्चे की आवाज न आने पर घरवालों ने उसे पुकारा, लेकिन कोई सुगबुगाहट न होने पर जब दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि मासूम फंदे पर लटका हुआ है। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

## चचेरे भाइयों ने की तयैरे भाई की हत्या, मृतक की पत्नी व भाई गंभीर

**बागेश्वर** : कपकोट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौकोड़ी गांव के बमनखेत तोक में चचेरे भाइयों ने तयैरे भाई की चाकू से हत्या कर दी। मृतक का भाई और उसकी पत्नी बीच-बचाव में आए तो उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में दोनों घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि उसकी पत्नी को इलाज के बाद घर भेज दिया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कपकोट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नौकोड़ी के बमनखेत में रविवार की रात गढ़देवी पूजा चल रही थी। इसमें गांव के 29 परिवार के लोग शामिल थे। इस दौरान दो चचेरे भाइयों का तयैरे भाइयों से किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा की चंचल सिंह, महेश सिंह पुत्र जोहार सिंह ने शंकर सिंह, खुशाल सिंह पुत्र मोहन सिंह पर चाकू से वार कर दिया। इस दौरान शंकर सिंह की हत्या हो गई, जबकि खुशाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव में आई खुशाल की पत्नी सरूली देवी भी घायल हो गई। 112 नंबर से मिली सूचना के बाद रात में पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लिया। घायल खुशाल सिंह व उसकी पत्नी को सीएचसी कपकोट में भर्ती किया गया। यहां से घायल को पहले जिला अस्पताल बाद में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रताप नगरकोटी ने बताया कि सरुली देवी की रिपोर्ट पर चंचल व महेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 324, 506 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार मृतक शंकर को पोस्टमार्टम कराकर उसका सरयू गोमती संगम पर अंत्येष्टि कर दी है। (एजेंसी)

## लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ीं, सीबीआई ने शुरू की भ्रष्टाचार मामले में जांच

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लालू प्रसाद यादव के खिलाफ सीबीआई ने रेलवे प्रोजेक्ट्स के आवंटन में भ्रष्टाचार का मामला फिर से खोल दिया है। केंद्रीय एजेंसी के इस फैसले से बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो सकती है। सीबीआई ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में फिर से जांच शुरू कर दी है। यह मामला रेलवे प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। वहीं, सीबीआई की इस कार्रवाई से राष्ट्रीय जनता दल के नेता भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर गए हैं।बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर उनके पिताजी बीजेपी से हाथ मिला लेते तो ऐसी कार्रवाई नहीं होती। तेजस्वी ने ट्वीट किया, अगर लालू जी बीजेपी से हाथ मिला लेते तो वो आज हिंदुस्तान के राजा हरीशचंद्र होते।

## मुख्यमंत्री ने मसूरी विंटर लाइन कार्निवल 2022 का किया शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विंटर लाइन कार्निवाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। साथ ही लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है कि पहाड़ों की रानी मसूरी ने विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक मसूरी की ओर रुख करते हैं। सर्दियों में भी चांदी सी चमकती बर्फ का आनंद लेने के लिए अनेकों सैलानी मसूरी के आस-पास बड़ी संख्या में उमड़ते हैं



मसूरी वासियों को मसूरी विंटर लाइन कार्निवल 2022 के आयोजन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नैसर्गिक सौंदर्य से पूरित देवभूमि उत्तराखण्ड का प्रत्येक क्षेत्र एक विशेष प्रकार की ऊर्जा लिए हुए है। नए वर्ष के आगमन के साथ मसूरी विंटर लाइन कार्निवल का आयोजन देश-विदेश के पर्यटकों तथा विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों आदि के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मसूरी का यह विंटर कार्निवाल पर्यटन व लोक संस्कृति का अनूठा संगम है। मसूरी विंटर कार्निवाल उत्तराखंडवासियों के लिए ही नहीं बल्कि उत्तराखंड आए सभी पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। विंटर कार्निवाल के माध्यम से राज्य के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का मौका मिला है। देश-विदेश से आए प्रसिद्ध कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से इसे और भी अधिक मनोहारी बनाने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड की डबल इंजन की सरकार उत्तराखण्ड में पर्यटन विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पर्यटक उपस्थित थे।

## सरकार स्नो वेडिंग को दे रही है बढ़ावा : महाराज

### पर्यटन मंत्री बोले नए साल को यादगार बनाने उत्तराखंड आएं पर्यटक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : नए साल के पहले दिन काफी पर्यटक देश-विदेश के अलग-अलग स्थानों से उत्तराखंड के पहाड़ी स्थानों पर घूमने के लिए आते रहते हैं। नए साल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए उत्तराखंड के पहाड़ी स्थानों में घूमने के लिए आना काफी अच्छा विकल्प हो सकता है।

उक्त बात नए साल में पर्यटकों को उत्तराखंड आने का आह्वान करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि नए साल की शुरुआत के दौरान उत्तराखंड में अगर मौसम ने साथ दिया तो काफी पहाड़ी जगहों पर पर्यटक आने वाले दिनों में बर्फवारी का लुफ्त उठा सकते हैं। इसलिए मेरा



पर्यटकों से अनुरोध है कि वह नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए उत्तराखण्ड आने से पूर्व होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे के लिए समय से अपनी बुकिंग करवा लें। क्योंकि समय पर होटल बुक न करने वाले पर्यटकों को होटल, कैम्प की सुविधा मिलना मुश्किल हो जाता है। श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में देहरादून, मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, लैंसडौन, नैनीताल, मुक्तेश्वर, कौसानी, रानीखेत, टिहरी झील, ऋषिकेश, नई टिहरी आदि प्रमुख स्थलों में देश-विदेश के सैलानी हर साल नए साल का जश्न मनाने पहुंचते हैं।

इस बार भी नए साल में बड़ी संख्या में पर्यटकों के उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्नो वेडिंग को भी लगातार बढ़ावा दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप उत्तराखंड में इन दिनों स्नो वेडिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है। देश के अनेक हिस्सों के युवा अब बर्फबारी के बीच सात फेरे लेने के लिए यहां आ रहे हैं।

उन्होने बताया कि उत्तराखंड के नैनीताल, अल्मोड़ा मसूरी और जोशीमठ के औली सहित त्रियुगीनारायण में शादी करने वाले लोग लगातार संपर्क कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि किन जगहों पर आने वाले दिनों बर्फबारी हो सकती है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में बीते कुछ सालों से इस तरह की शादियां हुई हैं और अब उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में नई पहचान भी ले रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग लगातार मौसम विभाग से समन्वय बनाकर उत्तराखंड में कब कहां कैसे बर्फबारी होगी, इस खबर को भी लगातार सर्कुलेट करवाने का प्रयास कर रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बात की जानकारी मिल सके कि उत्तराखंड में कब और कहां-कहां बर्फबारी शुरू होगी।

## सलमान खुर्शीद ने राहुल की तुलना भगवान राम से की

### बोले- जहां वे नहीं पहुंचते, हम खड़ाऊ लेकर जाते हैं

**अमरोहा, एजेंसी।** अमरोहा के गजरौला में कांग्रेस नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारे का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी भी नेता ने देश की आजादी के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। हमको हर हाल में आजादी चाहिए थी, इसलिए दुखी मन से विभाजन का निर्णय स्वीकार करना पड़ा।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भारत जोड़ो यात्रा कर रहे सांसद राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से की। उन्होंने कहा



कि भगवान राम की खड़ाऊबहुत दूर तक जाती हैं। कभी-कभी जब कहीं नहीं पहुंच पाते हैं तो भरत उनकी खड़ाऊ लेकर उन स्थानों पर जाते हैं। इसी तरह उनके खड़ाऊ लेकर हम यूपी में आए हैं। अब वह खड़ाऊयूपी में आ गए हैं तो राम जी (राहुल गांधी) भी आएंगे।उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी महामानव हैं। जहां सर्दी में हम लोग जमे जा रहे हैं और जैकेट पहन रहे हैं, वहीं वह टी-शर्ट पहनकर (भारत जोड़ो यात्रा में) चल रहे हैं। वह एक योगी की तरह ध्यान लगाकर तपस्या कर रहे हैं।पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सोमवार को गजरौला पहुंचे।उन्होंने हसनपुर मार्ग पर एक मैरिज हाल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारा करने का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी नेता ने अंग्रेजों से लड़ने और देश को आजाद कराने के लिए एक डंडा तक नहीं खाया।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से फोन पर की बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक फोन कल में श्शांति फार्मूलाश को लागू करने में भारत की मदद मांगी। बता दें, 24 फरवरी 2022 से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध जारी है।



शांति फार्मूला को लागू करने के लिए मांगी मदद

जेलेंस्की ने ट्विटर पर लिखा, मैंने पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत की और उन्हें एक सफल जी-20 अध्यक्ष पद की कामना की। इसी मंच पर मैंने शांति फार्मूला की घोषणा की और अब मैं इसके कार्यान्वयन में भारत की भागीदारी पर भरोसा करता हूं। मैंने संयुक्त राष्ट्र में मानवीय सहायता और समर्थन के लिए भी भारत को धन्यवाद दिया।

## गुजरात सीमा से पकड़ी गई 300 करोड़ की ड्रग्स

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक दल ने गुजरात एटीएस के खुफिया इनपुट के आधार पर अरब सागर में बड़ी कार्रवाई की है। भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एटीएस गुजरात द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर अरब सागर में भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र में एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया है। इस नाव में 10 चालक दल के सदस्यों के साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार- गोला-बारूद और 40 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया है।

बल के अधिकारियों ने बताया कि विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर 25-26 दिसंबर की दरम्यानी रात के दौरान अपरेशन चलाया गया था। अपनी रणनीति






के आधार पर भारतीय तट रक्षक बल ने पाकिस्तान के साथ लगने वाली अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास अपने जहाज प्ब्लै अरिंजय को तैनात किया था।

इसी दौरान, दल ने एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव अल सोहेली को रोक कर पूछताछ और जांच की। नाव की जांच के दौरान उसमें बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और लगभग 40 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीबन 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। बरामद्गी के साथ ही चालक दल के साथ नाव को भी अधिकार में लिया गया। जिसके बाद आगे की जांच के लिए चालक दल और नाव को ओखा लाया जा रहा है।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव के चालक दल से छह पिस्तौल और 120 राउंड गोलियां बरामद की हैं। ये नाव कराची के पास कहीं से चली थी। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद भारत में ड्रग्स कनेक्शन की पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा चालक दल के पास से बरामद हथियारों के मद्देजनर इस बात का भी पता लगाया जाएगा कि क्या वे लोग हथियारों की तस्करी भी करते हैं?

# सीएम धामी ने किया नानकमत्ता, उधम सिंह नगर, स्थित गुरुनानक अकाडमी में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नानकमत्ता, उधम सिंह नगर, स्थित गुरुनानक अकाडमी में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद उधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण, गुरुनानक अकाडमी परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का शुभारंभ एवं छात्रों को सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में मत्था टेक प्रदेश में सुख समृद्धि व शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद उधम सिंह को नमन करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग़ हत्याकांड के दोषी जनरल ओ डायर को इंग्लैंड में जाकर सभा के सामने मौत के घाट उतार। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे जनपद का नाम शहीद उधम सिंह जी के नाम पर पड़ा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दशमेश गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की महान शहादत को नमन करते हुए कहा कि गुरु साहब के चारों शहजादों का बलिदान भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व इतिहास का अनोखा अध्याय है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गुरु गोविंद सिंह जी साहब के चारों शहजादों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह दिवस नई पीढ़ी को साहिबजादों के साहस, शौर्य और पराक्रम से अवगत कराता है एवं उनके बलिदान को अमर रखेगा। इन वीर बालकों ने अपने धर्म की रक्षा में बलिदान दिया। हम अपने बच्चों को ऐसे महान बलिदानियों के प्रेरक प्रसंगों को सुनाकर उन्हें जागरूक करें। इन्हीं बलिदानियों की नींव पर रखी गई भारत की स्वतंत्रता, हमें हमारे कर्तव्यों का ठीक प्रकार से पालन करने की शक्ति प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत की नींव रखी जा रही है, आज भारत खेल, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, निर्यात, डिजिटल जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 5 सबसे बड़े देशों में शुमार है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। अमृत काल में भारत निश्चित ही नई ऊंचाइयों को छूने का काम करेगा। आज केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर हेमकुंड साहिब यात्रा को सुगम बना रही है, वही हेमकुंड तक रोपवे बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं से उन्होंने कहा कि समय बहुमूल्य है। इस समय को हम सभी ने अपने सपनों को साकार करने में लगाना चाहिए। जीवन में संकल्प लेकर आगे बढ़ने पर सारी समस्याओं का समाधान स्वयं हो जाता है।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा, डॉ.मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक डॉ.प्रेम सिंह राणा, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह, बाबा तरसेम सिंह, विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, संतोष अग्रवाल, अमित नारंग, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने की जिलाधिकारियों के साथ चर्चा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने और ठोस कचरा प्रबंधन के लिए कार्ययोजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान, मुख्य सचिव ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने एवं प्रदेश में सफाई को लेकर आमजन की सक्रिय भागीदारी के लिए विशेष कदम उठाए जाने की जरूरत बताई।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में ग्रामीण, शहरी और वन क्षेत्रों के अंतर्गत सफाई हेतु एक्शन प्लान तैयार कर 100 प्रतिशत अनुपालन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए सभी जिलाधिकारियों को इन्नोवेटिव होने की आवश्यता है। एक जिले के लिए एक प्लान कार्य नहीं करेगा। हर क्षेत्र का एक साईट स्पेसिफिक प्लान होगा तभी प्रदेश को साफ सुथरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में भी प्लास्टिक यूज को रोके जाने हेतु विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चारधाम यात्रा में प्लास्टिक को प्रतिबन्धित किए जाने पर भी विचार किया जाए ताकि अपने धामों को स्वच्छ रखा जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगातार प्रचार प्रसार के साथ छोटी–छोटी वीडियो क्लिप्स के माध्यम से जानकारी आमजन और व्यापारियों को दी जाए। उन्होंने स्कूलों को भी इस अभियान में शामिल किए जाने की बात कही।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

चमोली : सोमवार को गौचर खेल मैदान में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। न्यू स्टार क्रिकेट अकादमी की द्वारा कोरोना के बाद इस साल 12वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज हुआ। खेल मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक अनिल नौटियाल ने किया। इस दौरान यंग स्टार और एनएससीए के बीच शो मैच खेला गया। एनएससीए के अध्यक्ष पवन भंडारी ने बताया कि 45 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 22 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बताया विजयी टीम को एक लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, भाजपा रानीगढ़ मंडल के अध्यक्ष जयकृत बिष्ट, कैलाश केडियाल, महावीर नेगी, यश नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# भोजन माताओं को पांच हजार मासिक मानदेय दिया जाए



नई टिहरी : उतराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन (सीटू) की विकास खण्ड प्रतापनगर इकाई ने पांच हजार मासिक मानदेय देने की मांग की है। इकाई अध्यक्ष विकुला देवी की अध्यक्षता और सचिव केदारी की मौजूदगी में लंबगांव में यूनियन की बैठक हुई। बैठक में भोजन माताओं की विभिन्न मागों और सवालों पर चर्चा की गई। यूनियन के सदस्यों ने केन्द्र और राज्य सरकारों पर मिड डे मील वर्कर्स की अनदेखी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2009 के बाद से भोजन माताओं के मेहनताने में बढ़ोतरी नहीं की है। राज्य सरकार ने जुलाई 2021 में 5000 रुपये मानदेय देने का वादा किया था, जिस पर आतिथि तक अमल नहीं हुआ है। बैठक ने 11 जनवरी को प्रस्तावित जिला स्तरीय रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उतराखण्ड किसान सभा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राणा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नवउदारवादी नीतियों के परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आ रही है। जिससे भोजन माताओं के रोजगार छिन रहा है। उन्हें बगैर प्रतिकर के नौकरी से हटाया जा रहा है। बैठक में न्यूनतम वेतन, साल के 12 महीने वेतन साथ ही नौकरी से हटाई जा रही भोजन माताओं को तीन हजार रुपये पेंशन दी जाए।

## एक नजर

### कविता प्रतियोगिता में जसप्रीत और गुनीशा ने बाजी मारी

देहरादून। गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को समर्पित कविता प्रतियोगिता के सीरियर वर्ग में जसप्रीत कौर और जूनियर वर्ग में गुनीशा किशोर ने पहला स्थान प्राप्त किया। पंजाबी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अरविंद की सरपरस्ती में डा. बलबीर सिंह साहित्य केंद्र देहरादून में सोमवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें देहरादून के 16 से अधिक स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरबाणी कीर्तन से हुई, जिसमें बाल विद्यालय हेमकुंड ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने श्रद्धा पूर्वक कीर्तन किया। केंद्र के संयोजक डॉ. परमवीर सिंह ने कहा कि साहिबजादों की शहादत जुल्म के खिलाफ थी। बतौर मुख्य अतिथि समर वैली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक अशोक वासु ने पंजाबी भाषा के प्रचार–प्रसार की ओर ध्यान खींचा। गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरिंदरजीत सिंह बिंद्रा ने सुझाव दिया कि यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाना चाहिए। मौके पर दविंदर सिंह मान, गुरबख्श सिंह राजन, दविंदर सिंह बिंद्रा, दर्शन सिंह, अमरजीत सिंह, गुलजार सिंह, डॉ. दलजीत कौर आदि मौजूद थे।

### डीएम से की पेयजल संकट की शिकायत

देहरादून। नयागांव सेवलाखुर्द गांव में क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अंकित रोहिला ने सोमवार को डीएम सोनिका को शिकायत पत्र सौंपकर अवगत करवाया है कि पेयजल सप्लाई ठप होने के कारण आए दिन उन्हें पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जलसंस्थान के अधिकारियों को इस बारे में अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन समस्या का कोई स्थाई रूप से समाधान नहीं हो पाया। जिस कारण टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। वहीं जिलाधिकारी ने समस्या का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियंता को समस्या हल करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## 10 हजार रुपये का इनामी चोर स्मैक के साथ गिरफ्तार

ऋषिकेश। नशा तस्करी में एक युवक को पुलिस ने मोतीचूर फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी में पुलिस को स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि, आरोपी हरिपुरकला क्षेत्र से बाइक चोरी के मामले में फरार 10 हजार रुपये का ईनामी आरोपी है। पेशी के बाद न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है। रायवाला पुलिस के मुताबिक इसी साल हरिपुरकला से एक बाइक चोरी हुई थी। इसमें आरोपी मोहित और उदेशपाल को पहले गिरफ्तार कर लिया था। जबकि, तीसरा आरोपी अंकित पाल फरार चल रहा था। आरोपी पर एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार रात गश्त के दौरान मोतीचूर फ्लाईओवर के पास एक संदिग्ध युवक पुलिसकर्मियों को खड़ा दिखा। हिरासत में लेकर तलाशी लेने पर उससे 9.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने नाम अंकित पाल पुत्र स्व. रंकेशपाल निवासी प्रेमपुरी, शामली बस अड्डा, मुजफ्फनगर, यूपी बताया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी हरिपुरकला में बाइक चोरी में फरार तीसरा आरोपी है। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि अंकित पर रायवाला के अलावा हरिद्वार और दिल्ली में बाइक चोरी और आबकारी ऐक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि आरोपी स्मैक का खुद भी आदी है और यह खेप वह हरिद्वार–रायवाला क्षेत्र में बेचने के लिए निकला था।

## नव आगन्तुक छात्रों को बीएड पाठ्यक्रम की जानकारी दी

ऋषिकेश। मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी के बीएड विभाग में सोमवार को नए छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र–छात्राओं को बीएड विभाग की कार्यशैली, पाठ्यक्रम आदि से रूबरू कराया गया।

इसका शुभारंभ संस्थान निदेशक डॉ. विकास गैरोला, संस्थान के डीन प्रमोद उनियाल एवं बीएड प्राचार्य डॉ. संतोष डबराल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। संस्थान निदेशक डॉ. विकास गैरोला ने छात्र–छात्राओं को शिक्षण व्यवसाय के महत्व और शिक्षक की गरिमा व आदर्शों से अवगत कराया। डीन प्रमोद उनियाल ने संस्थान की कार्य शैली एवं उपलब्धियों के बारे में बताया।

# घने कोहरे के चलते रेल सेवाएं प्रभावित



ऋषिकेश। मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे और शीतलहर का असर रेल सेवाओं पर पड़ने लगा है। राजस्थान से ऋषिकेश आने वाली बाडमेर एक्सप्रेस सोमवार को अपने निर्धारित समय से पांच घंटे देरी से पहुंची। हेमकुंड एक्सप्रेस पिछले दो दिनों से एक घंटा विलंब से आ रही है। खराब मौसम के चलते ट्रेनों की समय सारणी गड़बड़ाने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में भी देरी हो रही है। मौसम विभाग ने सोमवार, मंगलवार को मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी कर रखा है। मैदानी क्षेत्र में मौसम की बेरुखी से तीर्थनगरी ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन पर आने वाली रेल सेवाएं प्रभावित हो रही है। हर रोज निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे पुराने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 पर पहुंचने वाली बाडमेर एक्सप्रेस सोमवार को दोपहर 2.30 बजे यानी पांच घंटे विलंब से पहुंची। एक्सप्रेस से ऋषिकेश पहुंचे यात्रियों ने बताया कि अंबाला, चंडीगढ़ में घने कोहरे के चलते रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सोमवार को भी घने कोहरे के चलते ट्रेन तीन से चार घंटे रुकी रही।

स्टेशन अधीक्षक एसके शर्मा ने बताया कि मौसम की खराबी से ट्रेनों का शेड्यूल गड़बड़ाने लगा है। बताया कि पिछले दो दिन से कटरा (जम्मू–कश्मीर) से ऋषिकेश आने वाली हेमकुंड एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय सुबह 8.35 बजे की जगह सुबह 10.35 बजे तक पहुंच रही है। ट्रेनों के लेट होने से इनसे ऋषिकेश आने वाले यात्रियों को भी आगे गंतव्य की ओर जाने के लिए देरी हो रही है।

# डीएम अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई का आयोजन, 108 शिकायतें हुई प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 108 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, अवैध कब्जे से सम्बन्धित प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त मनरेगा जॉब कार्ड का फर्जीवाड़ा, विद्युत पोल शिफ्टिंग, आपसी विवाद, धमकी, भारी वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रही सड़क, विद्युत कनेक्शन, नाली खुलवाने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने केदारवाला में आयोजित चैपाल में विद्युत कनेक्शन दिलाने हेतु फरियादी फुरकाना तथा विद्युत पोल शिफ्ट करने की शिकायत पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बालुवाला के दिव्यांग पंकज पुत्र अमीर चन्द्र तथा ऋषिकेश के मनोहर लाल अरोड़ा को व्हील चेयर दिलाने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मनरेगा फर्जी कार्ड की शिकायतों पर मुख्य विकास अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। तथा गलज्वाड़ी एवं बिष्ट गांव में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी मसूरी एवं उप जिलाधिकारी सदर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## गढ़वाली गीत एलबम मायादार का हुआ लोकार्पण

ऋषिकेश। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा ने गढ़वाली गीत एलबम मायादार का लोकार्पण किया। वक्ताओं ने उत्तराखंडी संस्कृतिक संरक्षण के लिए इस प्रकार के एलबम को जरूरी बताया। सोमवार को दून रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महासभा अध्यक्ष राजे नेगी ने डीएसआर म्यूजिक के बैनर तले बनी एलबम मायादार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोकभाषा, संस्कृति एवं सभ्यता को संजोए रखने में लोकगीतों एवं लोक कलाकारों का योगदान अतुलनीय है।

# पेयजल बिल अधिक आने पर भड़के ग्रामीण, जल संस्थान कार्यालय में की तालाबंदी

ऋषिकेश। रायवाला के ग्रामीणों ने जल संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ हल्ला बोला है। वे पेयजल बिल अधिक दिए जाने से नाराज हैं। उन्होंने अधिकारियों को घेराव कर कार्यालय में तालाबंदी की। अधिकारियों के बिल सही करके भेजे जाने के आश्वासन के बाद ताला खोला गया।

रायवाला के ग्रामीण पेयजल के अधिक बिल को लेकर बीते कई दिनों से शिकायत कर रहे थे। सोमवार शाम को जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राजेन्द्र पाल ग्रामीणों की समस्याएं सुनने रायवाला पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें पेयजल के बढ़े बिल दिखाकर बिलों को कम करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बिना पेयजल उपयोग के भी मीटर में रीडिंग बढ़ रही है।

ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीओ कमलेश पंत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग विभागीय रीडिंग से मिलान कर सकते हैं। वहीं अधिशासी अभियंता ने कहा कि टूटी सड़कें, लीकेज और पानी का प्रेशर सही करवा देंगे। उन्होंने कहा कि दो माह का कम से कम बिल 355 रुपये आया है।

## ऊर्जा के तीनों निगम प्रबंधनों पर कर्मचारियों ने उपेक्षा का आरोप लगाया

विकासनगर। हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन की सोमवार को कुल्हाल अतिथि गृह में संपन्न हुई बैठक में ऊर्जा के तीनों निगम प्रबंधनों पर उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संजय राणा ने कहा कि टीजी द्वितीय पद पर 27,200 की एक वेतन वृद्धि के आदेश करवाए गए थे। इसके लिए कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की ओर से लंबा आंदोलन किया गया। लेकिन अभी तक आदेश पर अमल नहीं हुआ है जिससे कर्मचारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। वेतन वृद्धि का आदेश होने के बावजूद लागू नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके साथ ही तीनों निगमों के प्रबंधन ने विद्युत टैरिफ लागू करने का आश्वासन भी दिया था, जिससे कि कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। लेकिन अभी तक निगम प्रबंधन किसी भी आदेश को लागू नहीं कर पाया है।

## गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

विकासनगर। पछुवादून के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों की शहादत को नमन करने के लिए वीर बाल दिवस मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने गुरु के साहबजादों की वेशभूषा में उनके बलिदान के दृश्य को जीवंत किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में वीर बाल दिवस को लेकर सुबह से बच्चों में उत्साह का माहौल था।

चार साहबजादों की वेशभूषा में सजे बच्चों के चेहरों पर रौनक थी।

# राज्यपाल ने किया रूद्रप्रयाग की प्रीति नेगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को रूद्रप्रयाग जिले की प्रीति नेगी ने मुलाकात की। प्रीति नेगी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रिका की सबसे उंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर साइकिल से यात्रा पूरी की है। उन्होंने इस उपलब्धि के साथ–साथ पाकिस्तान की समर खान का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ा। प्रीति ने महज तीन दिन में साइकिल से किलिमंजारो पर चढ़ाई की। वह इससे पूर्व भी एक कीर्तिमान बना चुकी है। अक्टूबर माह में प्रीति ने केवल चार दिन में हरिद्वार से केदारनाथ तक की साइकिल यात्रा पूरी की थी। प्रीति ने बताया अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट में चढ़ाई करने का है। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वह देवभूमि की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# पहाड़ का माल्टा शहरवासियों की जिह्वा में घोल रहा मिठास



कोटद्वार बाजार में बिकने के लिए पहुंचा पहाड़ का माल्टा

◆कोटद्वार बाजार में पचास से सत्तर रुपये किलो तक बिक रहा माल्ला ◆मैदान में बढ़ रही डिमांड से पहाड़ के काश्तकारों के खिले चेहरे

## दूरस्थ से नहीं पहुंच पा रहा माल्टा

मैदान में माल्टे की मांग बढ़ती जा रही है। लेकिन, पौड़ी जिले के सैकड़ों दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों से माल्टा मैदान तक नहीं पहुंच पा रहा है। गांव तक सड़क नहीं होने के कारण इसे मुख्य सड़क तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। काश्तकारों का कहना है कि सरकार को माल्टा बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था बनानी चाहिए। साथ ही पहाड़ में माल्टे का क्रय मूल्य भी निर्धारित होना चाहिए। जिससे दूरस्थ क्षेत्र के काश्तकार भी आत्मनिर्भर बन सकें।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः विटामिन–सी से भरपूर पहाड़ का रसीला फल माल्टा शहरवासियों की जिह्वा में मिठास घोल रहा है। कोटद्वार के साथ ही अन्य मैदानी क्षेत्रों में इस औषधीय फल की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। बाजार में यह फल पचास से सत्तर रुपये किलो तक बिक रहा है।

माल्टे की बढ़ती मांग से पहाड़ के काश्तकारों को भी लाभ मिल रहा है।

ठंड के साथ ही पहाड़ों में माल्टा उत्पादन बढ़ने लगा है। नींबू प्रजाति का खुशबूदार एंटी आक्सीडेंट व शक्तिवर्धक माल्टे की सबसे अधिक डिमांड मैदानी क्षेत्रों में हो रही है।

पहाड़ से कोटद्वार बाजार पहुंच रहा माल्टा दुकानों में लगते ही बिक रहा है। फल विक्रेता महेंद्र कुमार ने बताया कि दिल्ली, गाजियाबाद, देहरादून के साथ ही अन्य बड़े शहरों में माल्टा पहुंच रहा है। यही नहीं, कई लोग तो पहले ही फोन पर माल्टे का आर्डर दे रहे हैं। कोटद्वार में सबसे अधिक जयहरीखाल, बीरोंखाल, रामणी–पुलिंड़ा, द्वारीखाल, रिखणीखाल का माल्टा पहुंच रहा है।

### यह हैं माल्टा के फायदे

◆रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ◆ एनीमिया रोग को दूर करता है। ◆ खून को साफ करता है। ◆ चेहरे को चमकदार बनाता है। ◆ भूखर बढ़ाने में मददगार है। ◆ शरीर की कमजोरी को दूर करता है। ◆ बालों को मजबूत बनाता है। ◆ पेट से संबंधित बीमारियों के लिए रामबांण है।

# लोकनृत्य में शांति इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जय देव भूमि फाउंडेशन की ओर से आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता में शांति इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंगा प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजित महोत्सम में क्षेत्र के 28 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। संस्था के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा ने बताया कि उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण के लिए युवाओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। बताया कि प्रतियोगिता में शांति इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल प्रथम, हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर द्वितीय व बलूनी पब्लिक स्कूल नजीबाबाद तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, सीनियर वर्ग में आरपी पब्लिक स्कूल तेडीपाड़ा, गुरुराम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड व गुरुरामराय पब्लिक स्कूल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर तनुजा मैठाणी, मीना राणा, कविता आदि मौजूद रहे।

# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

## उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से क्षेत्र में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



कोटद्वार में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के दौरान हुए हस्ताक्षरों को दिखाते उक्रांद सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अंकिता हत्याकांड के मामले की सीबीआई जांच करवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। सदस्यों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश की कानूनी व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है।

सोमवार को हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद कार्यकर्त्ताओं ने पत्र राष्ट्रपति को भेजा। सदस्यों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेपरी हो चुकी है। अंकिता हत्याकांड में शामिल वीआईपी के नाम का खुलासा तक नहीं हो पाया है। यही नहीं, प्रदेश की जनता लगातार मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठा रही है। बावजूद इसके सरकार सीबीआई जांच करवाने को तैयार नहीं है।

कहा कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का नारा देनी वाली भाजपा बेटियों की सुध लेने को तैयार नहीं है। कहा कि मामले की सीबीआई जांच कर आरोपितों को जल्द फंसी दी जानी चाहिए।

कार्यत्ताओं ने प्रदेश में हुए पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की भी मांग उठाई। इस मौके पर यूकेडी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा.शक्ति शैल कपरवाण, दीपक सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, रमेश कोठारी, प्रवेश चंद्र नवानी, सर्वेंद्र काला, पुष्कर सिंह रावत, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

# गुमशुदा महिला हिमाचल प्रदेश से बरामद

**पौड़ी** : पुलिस ने पैठाणी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुमशुदा महिला को बिलासपुर हिमाचल प्रदेश से बरामद कर लिया है। महिला बीती 15 दिसंबर से लापता थी। गुमशुदगी महिला के पति ने दर्ज कराई थी।

पैठाणी थाना प्रभारी वीरेंद्र रमोला ने बताया कि बीती 15 दिसंबर को थाना क्षेत्र के सलोन गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 26 साल की पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। महिला के पति ने बताया था कि उनकी पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। महिला की गुमशुदगी होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने टीम का गठन किया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल, सीओ प्रेम लाल टम्टा व पैठाणी थानाध्यक्ष वीरेन्द्र रमोला आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस ने पूछताछ कर गुमशुदा महिला को बिलासपुर हिमाचल प्रदेश से सकुशल बरामद किया। पुलिस के अनुसार सरिता देवी अपनी इच्छा से हिमाचल गई थी। महिला के दो बच्चे भी हैं। बताया कि महिला अपने किसी परिचित के साथ हिमाचल में ही काम कर रही थी। जिसके बाद पुलिस महिला को अपने साथ पैठाणी लाई और न्यायालय में महिला की गवाही देने के बाद उसे सकुशल पति के हवाले कर दिया गया। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी प्रेमचंद, आरक्षी नवाब हैदर, प्रियंका आदि शामिल थे।

# सतपुली इंटर कॉलेज व कन्या विद्यालय द्वारा नशे को लेकर निकाली गई जागरूक रैली '



सतपुली बाजार में जागरूक रैली निकालते छात्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली** : राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली की ओर से सतपुली बाजार में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आमजन से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली द्वारा सोमवार को नशे के खिलाफ रैली निकाली गई। रैली इंटर कॉलेज प्रांगण से शुरू होकर सतपुली बाजार का भ्रमण करते हुए वापिस इंटर कॉलेज में समाप्त हुई।

वहीं दूसरी ओर राजकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय के द्वारा भी छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से छात्र–छात्राओं द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने, व नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने कहा कि नशा एक समाजिक बुराई है। इसके खिलाफ हमें एकजुट होकर आगे आना होगा।

# शिक्षा में समुदाय की सहभागिता को बताया महत्वपूर्ण

**पौड़ी** : संकुल कंडारा में समग्र शिक्षा के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई विषयों पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण संकुल कण्डारा चन्द्रशेखर नौटियाल ने समुदाय की सहभागिता की महत्ता पर जोर देते शिक्षा में समुदायों की भूमिका को रेखांकित किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में समग्र शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकार एवं बाल सरंक्षण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छता, विद्यालय का वित्तीय प्रबंधन, बालिका शिक्षा, आपदा प्रबंधन, समावेशी शिक्षा विद्यालय विकास योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर समुदाय की सहभागिता विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में संकुल के 10 प्राथमिक, 1 उच्च प्राथमिक व 4 माध्यमिक विद्यालयों के एसएमसी और एसएमडीसी के पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे। इस मौके पर संदर्भ दाता महेश गिरि, विक्रम सिंह, अनीता रावत, गणेश बलूनी, सुनील बमराडा, ममता देवी, सरोजनी, मनीषा, सीता, मीना मंमगाई, आशा देवी, पप्पू कुमार, मनीषा, पूनम, प्रकाशी रावत, तृप्ति नेगी, देवचरण, विवेक कुकरेती, शांति नेगी, सीमा आदि मौजूद रहे।

# परिसर निदेशक के आश्वासन पर तालेबंदी स्थगित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : बीजीआर परिसर पौड़ी में छात्र संघ और अन्य छात्र नेताओं का आंदोलन परिसर निदेशक के साथ वार्ता के बाद खत्म हो गया है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का हल नहीं होता है तो वह फिर धरना और तालाबंदी करेंगे। वह विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर तालेबंदी और धरना दे रहे थे। परिसर निदेशक डा. प्रभाकर बडोनी ने छात्रों को समस्याओं का हल करने का उचित आश्वासन दिया। जिस पर छात्रसंघ पदाधिकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

सोमवार को परिसर निदेशक और छात्र संघ पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, उपाध्यक्ष आयुष रावत ने कहा कि गढ़वाल विवि प्रशासन बीजीआर परिसर में छात्र हितों की निरंतर उपेक्षा करता आ रहा है। बीकॉम में सात वर्षों से शिक्षकों की तैनाती नहीं हुई है। भवन निर्माण तक नहीं हो पाया है। प्रवेश के लिए सीयूईटी की व्यवस्था के चलते अधिकांश छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं। परिसर के समस्त संकायों में 90 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली पड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि परिसर की रिक्त सीटों पर छात्रों को जल्द ऑनलाइन प्रवेश सुविधा प्रदान की जाए।

कहा कि बीएससी, एमएससी, बीकॉम, एमए द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की घोषणा आज तक नहीं की गई, जबकि अब विवि में शीतकालीन अवकाश कुछ दिनों में घोषित हो जाएगा। परिसर निदेशक ने कहा कि बुधवार को श्रीनगर से एक टीम परिसर आएगी जोकि निर्माण कार्य संबंधी शिकायतों को हल करने का काम करेगी। इस मौके पर सचिव मुकुल कुमार, कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह आदि शामिल थे।

# रिश्ते हुए तार–तार, बेटे ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**पौड़ीः** पौड़ी जनपद के एक गांव में रिश्तों को तार-तार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। एक बेटे ने अपनी मां के साथ ही दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता की बेटी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। बताया कि मेरा भाई जो कि मानसिक रुप से बीमार है, जिसका पूर्व में मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलाकुईं देहरादून में ईलाज चल रहा है। वह 13 दिसम्बर को अचानक अपने घर वापस आ गया। पंकज द्वारा माता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। साथ ही माता व पिता द्वारा विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी गयी। सूचना की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा तत्काल प्रभारी निरीक्षक पौड़ी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पौड़ी पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक पूनम शाह के सुपुर्द की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश पर पौड़ी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल अभियोग में नामजद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# अव्वल विद्यार्थियों को मिलेगा स्मृति प्रतिभा सम्मान

## ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने लिया निर्णय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले पौड़ी व टिहरी जिले के विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल नवानी स्मृति प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 11 से अधिक विद्यार्थियों के नाम का चयन कर दिया गया है। वहीं, नई शिक्षा नीति को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए भी अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया।

देवी रोड स्थित एक होटल में ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की बैठक आयोजित की गई। मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि कि प्रत्येक वर्ष की भांति आगामी वर्ष के जनवरी माह में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संस्था ने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले पौड़ी व टिहरी के विद्यार्थियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। कहा कि इस सम्मान से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा। सम्मान समारोह आगामी 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में नौ छात्र पौड़ी जबकि, दो टिहरी गढ़वाल से होंगे। बैठक में प्रकाश कोठारी व शिव प्रकाश कुकरेती ने कहा कि हमें छात्रों को नई शिक्षा नीति के बारे में भी अवगत करना चाहिए। इसके लिए मंच को एक विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस मौके पर मंच के महासिचव जर्नादन प्रसाद ध्यानी, नरेंद्र सिंह रावत, शिव चरण शर्मा, धीरज सिंह बिष्ट, विजय लखेड़ा, वीरेंद्र सिंह, धीरज सिंह बिष्ट, राकेश लखेड़ा, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रभाकर ध्यानी, राकेश मोहन सुंदरियाल, मदनमोहन कोठारी आदि मौजूद रहे।

# गीता ज्ञान यज्ञ 28 जनवरी से, सफल आयोजन को समितियां गठित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दिव्य गीता ज्ञान समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि राम प्रकाश शर्मा के संयोजन में भव्य गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 से 31 जनवरी तक गोविन्द नगर में स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में किया जाएगा।

ज्ञानानंद जी महाराज जिओ गीता के संग सीखो जीने का ढंग विषय पर प्रवचन देगें। यज्ञ अनुष्ठान संचालन हेतु नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री अनिल कंसल, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, बालाजी मंदिर के अध्यक्ष दिनेश अलाबादी, भाजपा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, सिद्ध बलि मंदिर के अध्यक्ष जेपी ध्यानी, राज्य मंत्री राजेन्द्र अंथवाल को संरक्षक, विपिन अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, रमेश सिंघल सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए समितियों का गठन किया गया

देवीरोड स्थित एक बरातघर में दिव्य गीता ज्ञान समिति श्री गीता भवन गोविंद नगर कोटद्वार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आज समाज में साधनों की संपन्नता तो बढ़ रही है, लेकिन जीवन मूल्यों का ह्रास हो रहा है। पुत्र माता-पिता के लिए प्रसन्नता का विषय न होकर तनाव का विषय बन रहे है। पितृ देवो भव मात्र देवो भव का भाव समाप्त होता जा रहा है। पाश्चात्य संस्कृति जीवन स्तर उठाने की बात करती है जबकि भारतीय संस्कृति जीवन मूल्य उठाने की बात करती है। मनुष्य तनाव व अवसाद से ग्रसित होता जा रहा है। ऐसे समय में भगवान कृष्ण के मुख से बोली हुई गीता ही कल्याण का रास्ता दिखा सकती है। 28 जनवरी को प्रातः भव्य गीता शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। प्रातः वेला में विद्वान पंडितो के द्वारा गीता का मूलपाठ व सायं को पूज्य महाराज के प्रवचन तथा रात्रि में वृंदा वन के प्रसिद्ध व्यास श्रीराम मुदागल शास्त्री एवं गोविंद मुदगल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 31 जनवरी को गीता यज्ञ (हवन) का आयोजन किया जाएगा। बैठक का संचालन प्रमोद रावत ने किया।

बैठक में उमेश त्रिपाठी, विनोद सिंघल, रविन्द्र नेगी, विवेक अग्रवाल, सुबोध गर्ग, मोहित गर्ग, संजय मित्तल, अजय गुप्ता, हरीश नारंग, अमित अग्रवाल, सुमित गोयल, बंटी कैंथोला, संदीप अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज किनसुर में तीन दिवसीय सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अभिभावकों के बिना छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल नहीं है। कहा कि अभिभावकों को अपने पाल्यों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए।



राइका किनसुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड द्वारीखाल के खंड शक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नेगी ने सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। नोडल अधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज किनसुर के प्रभारी प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि इस प्रशिक्षण का लाभ बच्चों व अभिभावकों को अवश्य मिलेगा। खंड शिक्षा अधिकारी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज, बच्चों व शिक्षा को किस प्रकार और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकता है

इस संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में संदर्भदाता रुपेश कुकरेती व संकुल समन्वयक सतीश चंद्र ने ऑनलाइन क्लासेस, दीक्षा पोर्टल, बाल वाटिका, विज्ञान महोत्सव, गौरा धन योजना, गौरा महिला सुरक्षा एप आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विकासखंड प्रशासनिक अधिकारी शिव सिंह नेगी, कुंदन सिंह, श्रीमती संध्या सैनी, श्रीमती सरिता देवी आदि अनेक अभिभावक मौजूद थे।

# सौरभ मिश्रा ने किया रक्तदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गुरु तेग बाहादुर के पुत्र गुरुगोविंद सिंह महाराज के चारों साहिबजादों के बलिदान दिवस पर शिक्षक सौरभ मिश्र ने रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने अन्य लोगों से भी रक्तदान की अपील की।

डा.सौरभ मिश्र ने राजकीय बेस चिकित्सालय में पहुंचकर रक्तदान किया। वर्तमान मे वह राजकीय इंटर कालेज धोबीघाट में सहायक अध्यापक कला के पद पर तैनात है।

# मकरैंण मेला 13 जनवरी से, तैयारियां शुरू

**पौड़ी** : जिले के पैडुलस्यूं घाटी में 13 से तीन दिवसीय मकरैंण मेला शुरू होगा। मेला समिति ने मेले के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। मेले में महिला मंगल दलों की रस्सा-कस्सी, स्थानीय स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। प्रसिद्ध लोक गायक विजय सैलानी, लोक गायिका अंजलि खरे की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

पैडुलस्यूं घाटी के जनता इंटर कालेज परसुंडाखाल परिसर में मकरैंण मेला समिति पैडुलस्यूं की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत व सचिव प्रशांत रावत ने बताया कि मकरैण मेला आगामी 13, 14 व 15 जनवरी को जनता इंटर कालेज परिसर में आयोजित किया जाएगा।

बताया कि मेले में पहले दिन 13 जनवरी को महिला मंगल दल की टीमें थड़िया चौफला की प्रस्तुतियां देंगी। साथ ही महिला मंगल दल की टीमो के बीच रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष कुलदीप ने बताया कि 14 जनवरी को प्रसिद्ध लोक कलाकार विजय सैलानी, लोक कलाकार मनोज मंद्रवाल व टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा स्थानीय स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होंगी। सचिव प्रशांत ने बताया कि 15 जनवरी को लोक गायिका अंजलि खरे व टीम की सांस्कृतिक प्रस्तुति व स्थानीय स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली पैडुलस्यूं पट्टी की प्रतिभाओं को भी समिति द्वारा सम्मानित किय जाएगा। इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह गुसांई, उपाध्यक्ष संजय कठैत, भूपेंद्र, मिथिलेश, अमित आदि मौजूद रहे।

# टायर पंचर की दुकान में लगी आग, सवा लाख का नुकसान



अल्मोड़ा : नगर के रायस्टेट में रविवार की देर रात टायर पंचर की दुकान में आग लग गई। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। रविवार देर रात दो बजे बाद रायस्टेट में मोटर मार्ग के किनारे स्थित ललित मोहन आर्य की टायर पंचर की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय निवासियों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में रात करीब ढाई बजे अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा, लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक पूरी दुकान आग के गोले के रूप में तब्दील हो चुकी थी। अग्निशमन कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक दुकान सामान सहित जलकर राख हो गई थी। दुकान स्वामी ग्राम खनिया निवासी ललित मोहन आर्य ने कहा कि 1.25 लाख से अधिक का नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। अग्नशमन टीम में लीडिंग फायरमैन नरेश जोशी, महिपाल सिंह, चालक राजपाल सिंह, ईश्वर सिंह, फायरमैन अनुज शर्मा, रमेश चंद्र, कासिम अली आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार मिलने से खुशी की लहर

पिथौरागढ़ : सिमलगैर निवासी मनीष खत्री को उत्तराखण्ड राज्य में सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री ने उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे यहां खुशी का माहौल है। वे लोहाघाट में थानाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। मनीष की माता शांति खत्री, विधायक मयूख सिंह महर, कुमुद महर, जानकी खत्री, रंजना खत्री, शीला खत्री, बसंती खत्री, नेहा खत्री, शीला खत्री, मनोज खत्री, दीपक खत्री, राजकुमार खत्री, ललित खत्री,मनोज खत्री, चंद्रप्रकाश खत्री, सुशील खत्री, संदीप खत्री, राहुल खत्री, योगेश खत्री, जीवन खत्री, शंकर खत्री, श्याम खत्री ने मनीष को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। (एजेंसी)

# दो गुटों का मामला नहीं हो रहा शांत, आंदोलन की दी चेतावनी

अल्मोड़ा : रानीखेत में छात्रसंघ चुनावों के बाद दो गुटों में हुए संघर्ष का मामला अब तक शांत नहीं हुआ है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने दोतरफा मुकदमा दर्ज किया है। इधर, सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रकरण को संघेय श्रेणी का अपराध करार देते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। गत शनिवार को छात्रसंघ चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद रात अध्यक्ष पद के विजेता-पराजित प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच गुटीय संघर्ष हो गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, अपहरण, एससी सएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कुदमा दर्ज कराया। इधर, सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मामले में संयुक्त मजिस्ट्रेट के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा कि छात्रसंघ चुनाव में 55 साल से अधिक आयु के लोगों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट करने, लड़कों का अपहरण करने, अनुसूचित जाति के लड़कों से जातिसूचक शब्दों प्रयोग करने व लूटपाट जैसे अपराध संघेय अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसमें तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। लेकिन संगीन जुर्म में पुलिस ने 24 घंटे बाद तक एफआईआर नहीं की। एफआईआर होने के बाद पुलिस जांच अधिकारी सीओ के आने के बाद ही विवेचना शुरू करने की बात कर रही है। इससे आने वाले समय में अपराधों को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों को धरने में बैठने के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ज्ञापन भेजने वालों में जिलाध्यक्ष महेश आर्या, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, अतुल जोशी, एडवोकेट ललित मोहन आर्या, पंकज गुरुरानी, सोनू सिद्दीकी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# चल्थी क्षेत्र में नहीं थम रहा गुलदार का आतंक



चम्पावत : चल्थी क्षेत्र में गुलदार का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा वारदात में गुलदार ने चल्थी क्षेत्र में एक पशुपालक की गाय को मौत के घाट उतार दिया। गुलदार के आतंक की वजह से लोग सांझ ढलते ही घर में कैद हो जा रहे हैं। चल्थी क्षेत्र में इन दिनों आए दिन गुलदार दिख रहा है। इससे लोगों में दहशत है। गुलदार की डर से ग्रामीण शाम होते ही घरों में कैद होने के लिए मजबूर हैं। स्थानीय निवासी दिनेश सिंह बोहरा, दीवान सिंह बोहरा, जीवन बोहरा, अमर सिंह बोहरा, स्वरूप बोहरा, संजय बोहरा, गणेश बोहरा, सुरेश बोहरा, हरीश अधिकारी, पुष्कर भट्ट, संजय, ह्रदय बोहरा ने बताया कि बीते कुछ समय से गुलदार आबादी के करीब दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार ने कुछ दिन पूर्व दो पशुपालकों की दुधारू गायों और कई कुत्तों को मौत के घाट उतार दिया है। उन्होंने बताया कि बीते रविवार को गुलदार ने पान सिंह की गाय को निवाला बना लिया।

सहमे ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। इधर वन विभाग के रेंजर बृजमोहन टम्टा का कहना है कि इन दिनों गुलदार के प्रजनन का समय है। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है। (एजेंसी)

# किताब कौथिग के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

चम्पावत : टनकपुर में किताब कौथिग का स्कूली बच्चों की कविता, निबंध, सामान्य ज्ञान, चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ समापन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को एरीज के वैज्ञानिक डॉ. मोहित जोशी ने पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कविता लेखन के जूनियर वर्ग में पहला स्थान फिजा अंसारी ने हासिल किया। जबकि दूसरे में अशफा, तीसरे में एकांशु भट्ट रहे। सीनियर वर्ग में रोली पांडेय ने पहला, अंकित भट्ट ने दूसरा और विमला तीसरे स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में संध्या पहले, नैना शर्मा दूसरे और आदित्य सिंह तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में अंकिता चौड़ाकोटी पहले, मनीष भट्ट दूसरे, काजल शर्मा तीसरे स्थान पर रही। सामान्य ज्ञान के जूनियर वर्ग में दिव्यांश लोहनी पहले, परी सक्सेना दूसरे, समृद्धि सक्सेना तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में पहले स्थान पर यश अवस्थी, अंकित भट्ट दूसरे, रवि सिंह तीसरे स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर दीपिका कुमारी, पुष्पा मौर्य दूसरे और स्नेहा कनौजिया तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग में सृष्टि प्रजापति पहले, नेहा अटवाल दूसरे और रोशनी राणा तीसरे स्थान रही। निर्णायक की भूमिका में त्रिलोचन जोशी, शीला जौहार, रविंद्र पांडेय, नवीन चंद्र पंत, मनोज जोशी, रूप सिंह राजपूत, नीरज सिंह रहे। (एजेंसी)

# नजूल और खाम भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग

चम्पावत : लोहाघाट में नजूल और खाम भूमि को फ्री होल्ड करवाने को लेकर नगर पालिका में लोगों और जनप्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने जल्द सरकार से नगर की भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग उठाई। पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोगों ने कहा कि जल्द उन्हें भूमि का मालिकाना हक मिलना चाहिए। मालिकाना हक न मिलने से उनको कई सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है। वर्षों से लोग भूमि को फ्री होल्ड करवाने की मांग कर रहे हैं। जिसके लिए वर्ष 2012 में 1499 लोगों ने 3.80 करोड़ रुपया सरकारी कोष में जमा किया। उससे पहले भी लोगों ने यूपी के समय में सरकारी कोष में रुपया जमा किया था। कहा कि प्रशासन लोहाघाट की भूमि को कही खाम तो कहीं नजूल करार दे रहा है। इसी कारण लंबे समय से यह मामला लंबित पड़ा है। नगर के भुवन खर्कवाल ने कहा कि खाम वाली भूमि को सरकार 1962 के बंदोबस्त के आधार पर निशुल्क कर दे। चेयरमैन ने कहा कि जल्द ही एक बैठक लोगों के साथ की जाएगी और सभी के सुझाव शामिल किए जाएंगे। इस मौके पर प्रकाश लाल साह, लोकेश पांडेय, योगेश कनौजिया, भुवन खर्कवाल, अशोक खर्कवाल, सुरेश राय, बसंत जोशी, त्रिभुवन बोहरा, नवीन नाथ गोस्वामी, दीपक साह, राजकिशोर साह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

चम्पावत : कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बनबसा में सम्मानित किया गया। मिनी स्टेडियम में कराटे प्रशिक्षक विजय रावत ने पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमला सजवान ने किया। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर कराटे प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# अराजक तत्वों पर कार्रवाही की मांग

पिथौरागढ़ : यूकेडी युवा प्रकोष्ठ ने नगर में नशे की रोकथाम व अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ सिटी को ज्ञापन दिया। उन्होंने नगरपालिका व पुलिस ने नगर में जगह-जगह सीसीटीवी लगाने की मांग की है। सोमवार को यूकेडी युवा प्रकोष्ठ ने नशे की रोकथाम व अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ सिटी को ज्ञापन दिया। कहा कि नगर के देव सिंह मैदान के समीप पार्किंग अराजक तत्वों का अड्डा बन चुकी है। कई युवा नशे का प्रयोग व अश्लीलता फैला रहे हैं। जिससे किसी वक्त भी बडी दुर्घटना घट सकती है। उन्होंने कहा कि नगर के चंडाक, भाटकोट सहित अन्य इलाकों में देर रात तक युवा शराब पीकर उत्पात मचा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका व पुलिस से कार्रवाही कर सीसीटीवी लगाने व लगातार गश्त करने की मांग की है। इस दौरान अध्यक्ष गिरीश जोशी, सुमित जोशी, ईश्वर सिंह, विनय पाण्डेय, गजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सुरेश चौसाली, गोविंद सिंह बोरा शामिल रहे। (एजेंसी)

## छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया

अल्मोड़ा : दिशा कॉन्वेंट हाई स्कूल भटकोट के स्कूली छात्र-छात्राओं को हिमगिरी ग्रीन फाउंडेशन के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न जानकारियां दी। सोमवार को विद्यालय में हुई गोष्ठी में हिमगिरी के सदस्यों ने आसपास के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं को चौड़ी पत्ती के वृक्ष लगाने, स्वच्छता अभियान चलाने, नदी नालों के संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करने को कहा।

साथ ही भविष्य में पर्यावरण नुकसान से होने वाले खतरे के प्रति आगाह भी किया गया। इस मौके पर हिमगिरी ग्रीन फाउंडेशन के मोहन चंद शर्मा, देव शर्मा, जीवन कठायत, विद्यालय प्रबंधक आनंद किरौला, महेश तड़ियाल समेत छात्र-छात्राएं व विद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एसएसजे की टीम दिल्ली के लिए रवाना

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के टेबल टेनिस की टीम नार्थ जोन अंतर महाविद्यालयी (महिला) टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये रवाना हो गई है। सोमवार को विवि के कुलपति प्रो. जेएस बिष्ट ने टीम को रवाना किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता में टीम मैनेजर के रूप में हरेंद्र प्रसाद, खिलाड़ी लीला लवली, अंजली, इशिता भंडारी और डॉली कोरंगा हिस्सा लेंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुशील कुमार जोशी, अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, श्याम मुन्नू भट्ट, डॉ. मनोज बिष्ट, प्रेम लटवाल आदि ने शुभकामनाएं दी। (एजेंसी)

# छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समा



अल्मोड़ा : मिशन स्कूल नौगांव जमराड़ी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध दिया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बूंगा भावना नेगी व प्रधान नौगांव गोपाल राम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जिसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम का आगाज किया। छात्र छात्राओं ने देश की संस्कृति को एक मंच पर लाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी, कुमाउनी, गढ़वाली, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, नेपाली सहित विभिन्न लोकगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य नरेंद्र चम्याल ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर ललित मोहन भट्ट, नरेंद्र चम्याल, घनश्याम राणा, महेंद्र प्रसाद, भीम सिंह, त्रिलोक सिंह, योगेश सनवाल, मोहन जोशी, अनिल बिष्ट, विक्रम कठायत, बिशन मेहरा, गोकुल भट्ट, रेवत चौहान, शेखर बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में जगह के मालिकाना हक का विवाद बढ़ा

हल्द्वानी। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के मैदान के मालिकाना हक को लेकर विवाद बढ़ गया है।

सोमवार को स्थानीय हाउसिंग सोसायटी के सदस्यों ने जगह पर अपना हक बताते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वहीं मंच से जुड़े पदाधिकारियों ने निर्माण को अवैध बताते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। हीरा नगर के मैदान में पिछले चालीस सालों से उत्थान मंच अपनी सांस्कृतिक गतिविधियां करता आया रहा है। मंच का दावा है कि उन्हें शासन ने इसके लिए 90 वर्ष की लीज दी है। वहीं स्थानीय हाउसिंग सोसायटी का कहना है कॉलोनी निर्माण के समय इसे पार्क के रूप में रखा गया है। इसलिए सोसायटी का इस पर मालिकाना हक है। बताया गया कि पूर्व में न्यायालय ने भी सोसायटी के पक्ष में फैसला सुनाया है। सोसायटी के उपसचिव डॉ. दीपक जोशी ने कहा कि प्रशासन को उन्हें कब्जा दिलाना है। जिसके लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उत्थान मंच के अध्यक्ष भुवन जोशी ने बताया कि मामला हाईकोर्ट की डबल बेंच में विचाराधीन है। अब मैदान में कब्जा करने की नियत से अवैध निर्माण किया जा रहा है।

मैदान में निर्माण कार्य की जानकारी मिलने पर मंच के सदस्यों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। कहा कि विवाद पैदा करने के लिए अवैध निर्माण किया जा रहा है। मांग की गई की जल्द निर्माण को बंद कराया जाए। वहीं देर शाम मंच के पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। यहां हुकुम सिंह कुंवर, हेमंत बगडवाल, मुकेश जोशी, शोभा बिष्ट, चंद्र शेखर तिवारी , मुकेश शर्मा , देवेंद्र तोलिया, एन बी गुणवंत, एल डी पांडे, मधु संगुरी, विमला संगुरी, त्रिलोक बनौली, पृथ्वी पाल सिंह रावत, भुवन जोशी, सुशील भट्ट, चंद्र शेखर परगाई, राजेंद्र बिष्ट, मोहन पाठक, स्मित तिवारी आदि मौजूद रहे।

मामले कह जानकारी मिलने पर देर शाम मौके पर पुलिस टीम पहुंची थी। तब तक निर्माण कार्य रोक दिया गया था। दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**—हरेंद्र चौधरी, कोतवाल**

## चूने के छिड़काव को लेकर प्रशासन सर्तक

पिथौरागढ़ : पालाग्रस्त सड़कों में चूने के छिड़काव को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन ने पिथौरागढ़-झूलाघाट मार्ग में चूने का छिड़काव किया है, इससे विशेषकर दोपहिया वाहन संचालकों ने राहत ली है। कर्मचारियों ने पिथौरागढ़-झूलाघाट मार्ग स्थित हुड़कना पुल के पास चूने का छिड़काव किया। स्थानीय निवासी हरीश भंडारी ने बताया कि सड़क में पाला जमा होने से इस स्थान में बीते कुछ दिनों में ही 15 से अधिक दोपहिया वाहन संचालक फिसलकर घायल हुए थे। अब चूने का छिड़काव होने से दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा। (एजेंसी)

# जनवरी पहले हफ्ते तक तैयार हो जाएगी पुर्नवास स्कीम

हल्द्वानी। जमरानी बांध प्रभावितों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए तैयार हो रही आरएंडआर स्कीम का काम अंतिम चरण में है। परियोजना अधिकारी जनवरी पहले हफ्ते तक स्कीम फाइनल कर सार्वजनिक करेंगे।

वहीं 15 जनवरी तक इसे प्रभावितों के समक्ष रखने की योजना है। इसके बाद ग्रामीणों की आपत्तियां ली जाएंगी। लोगों की आपत्तियों का निस्तारण कर स्कीम फाइनल कर इस ड्राफ्ट के अनुसार ही डूब क्षेत्र के लोगों को मुआवजा और दूसरे लाभ दिए जाएंगे।

परियोजना अधिकारियों के अनुसार बांध बनने से 1323 परिवार डूब क्षेत्र में आ रहे हैं। परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत ने बताया कि प्रभावितों के विस्थापन के लिए किच्छा का प्राग फार्म में जमी देख ली गई है।

प्रस्तावित जमीन का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। अब सभी पहलुओं और सर्वे के परिणामों को कंपाइल कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट को भी आरएंडआर स्कीम में शामिल किया जा रहा है। बताया इस स्कीम प्रभावितों के पुनर्वास का पूरा खाका होगा। बता दें कि आरएंडआर स्कीम एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता वाली समिति बना रही है।

स्कीम फाइनल करने और ग्रामीणों की आपत्तियों का निस्तारण कर इसे जिलाधिकारी के पास संसोधन के लिए पेश किया जाएगा। डीएम के अध्ययन के बाद इसे कुमाऊं आयुक्त को भेजा जाएगा। आयुक्त के अनुमोदन के बाद स्कीम फाइनल होगी। उसके बाद मुआवजा वितरण आदेश जारी होगा।

# एसडीएम ने प्रशिक्षणार्थियों को किया सम्मानित

पिथौरागढ़ : डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के महानिदेशक बीपी पांडे के दिशा-निर्देशों पर विकास खंड सभागार धारचूला में चल रहे आपदा जागरूकता प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम दिवेश शाशनी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत जरूरी बताया।

उन्होंने कहा धारचूला तहसील को प्राकृतिक आपदाओं के लिए अति संवेदनशील बताया जाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से आपदा के दौरान पीड़ित को राहत मिलेगी। कार्यक्रम निदेशक डॉ. ओम प्रकाश ने आपदा न्यूनीकरण जोखिम प्रबंधन पर जानकारी दी। अंतिम सत्र में डॉ. प्रियंका त्यागी ने ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन योजना बनाने को लेकर महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।

इस दौरान ग्राम विकास,राजस्व उपनिरीक्षक, युवा मंगल महिला मंगल दल के सदस्य पीआरडी पुलिस एसडीआरएफ के सदस्यों के साथ कई जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। (एजेंसी)

## राजस्व उपनिरीक्षक का स्थानांतरण के विरोध में किया प्रदर्शन

बागेश्वर : राजस्व क्षेत्र असों के राजस्व उप निरीक्षक का स्थानांतरण अन्यत्र होने पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। स्थानांतरण रोकने की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

क्षेत्र के लोग सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि काफलीगैर तहसील के अंतर्गत राजस्व क्षेत्र असों में तैनात उन निरीक्षक तारा दत्त पाठक का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का बेहतर ढंग से पालन करवाया है। जनहित में उनका स्थानांतरण रोकने की मांग की है।

## कोतवाल बोले फर्जी कॉल से सावधान रहे

पिथौरागढ़ : नव नियुक्त थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने स्थानीय व्यापारी एवं वरिष्ठ नागरिकों तथा सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने यातायात व्यवस्था एवं किरायेदारों के पुलिस सत्यापन के लिए सहयोग की बात कही। बैठक में उन्होंने कहा कि फर्जी कॉल से लोग सावधान रहें। उन्होंने कहा साइबर अपराध से जागरूकता से आसानी से बचा जा सकता है।

उन्होंने गौराशक्ति ऐप, आनलाइन शिकायत, यातायात ऐप के बारे में जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने कहा अधिक अपराध मोबाइल एवं फर्जी काल से हो रहा है। जिसमे सबसे ज्यादा सर्तक रहने की जरूरत है।

# खनन करोबारियों ने केन्द्रीय राज्य मंत्री भट्ट का पुतला फूंका

हल्द्वानी। राजपुरा व शीशमहल गौला खनन संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से शीशमहल गौला गेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट का पुतला फूंका।

कारोबारियों ने उनकी मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। सोमवार को शीशमहल गौला गेट में आयोजित सभा में समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि एक राज्य एक रॉयल्टी की मांग को लगातार सरकार अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट से भी खनन कारोबारियों को काफी उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने भी मामले में अभी तक कोई प्रयास



नहीं किया है। गेट प्रभारी धर्मेंद्र मेहरा व दिगंबर सिंह रावत ने कहा की सरकार के इशारों पर कुछ भाजपा के लोग शीशमहल गेट खोलना चाह रहे हैं जिसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। खनन कारोबारियों ने राज्य सरकार से एक राज्य एक रॉयल्टी को लेकर ठोस कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान बलवंत सुयाल, राकेश चंद, पप्पू रावत, मनमोहन सिंह, रामू भाई, मोहन तिवारी, राजकुमार यादव, रमेश पालड़िया, प्रकाश नेगी, उमेश पांडे, देवेंद्र धोनी, हरभजन सिंह, भगवान सिंह, सुनील बिष्ट, चंद्रशेखर, कमलजीत सिंह, गुड्डू अधिकारी, दिनेश चंद, संजू आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में सिक्स सिग्मा हैल्थ केयर-हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विसेज के चिकित्सकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्स सिग्मा की टीम ने चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को विशेष रूप से केदारनाथ में जिस प्रकार मेडिकल सेवाएं प्रदान की गई, यह सराहनीय प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की स्वास्थ्य टीम द्वारा सरकार को जो सहयोग प्रदान किया जा रहा है, उसके लिए उनकी पूरी टीम साधुवाद के पात्र है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्स सिग्मा हैल्थ केयर ने यात्रा सीजन में 50 हजार से अधिक लोगों को सेवाएं दी, यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार चारधाम यात्रा श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई थी। चारधाम यात्रा का प्रबंधन भी सरकार के लिए चुनौती थी। सभी के सहयोग से चारधाम यात्रा का सफल संचालन किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी। श्रद्धालुओं को मूलभूत आवश्यकताओं के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए अभी से प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सिक्स सिग्मा हैल्थ केयर के सीईओ डा. प्रदीप भारद्वाज, डायरेक्टर डा. अनीता भारद्वाज एवं सिक्स सिग्मा हैल्थ केयर के डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## मानव वन्यजीव संघर्ष और सुरक्षा की जानकारी दी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जलागम विभाग द्वारा ग्रीन एग्रीकल्चर जैफ 6 परियोजना के तहत यमकेश्वर के ग्राम पंचायत किमसार, धारकोट, दुगड्डा के ग्राम पंचायत रामनी व उमरैला में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में मानव वन्यजीव संघर्ष, वन एवं वन्यजीव सुरक्षा इत्यादि विषयों पर स्कूली बच्चों, स्थानीय जन समुदाय, जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। संचार जन चेतना ट्रस्ट के कलाकारों द्वारा मनोरंजक तरीके से कठपुतली नाटिका का मंचन किया गया। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के द्वारा स्कूल लाइब्रेरी एवं पंचायतों को उक्त विषयों पर पुस्तकें एवं पोस्टर वितरित किए गए।

# डॉक्टर बैंच पर बैठकर मरीजों का उपचार करने को मजबूर

श्रीनगर गढ़वाल : उप जिला अस्पताल श्रीनगर में तैनात इमरजेंसी मेडिकल स्पेशलिस्ट(फिजिशियन) डा. अंकित गैरोला ने सोमवार को अस्पताल के बाहर खुले में बैंच पर बैठकर मरीज देखे। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन की ओर से जो कमरा उन्हें ओपीडी देखने के लिए आवंटित किया गया था, उसे छीन दिया है। उन्हें ओपीडी के लिए कमरा भी नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में मजबूरी में वह मरीजों को खुले में देख रहे हैं।

डॉक्टर अंकित गैरोला ने कहा कि वह अस्पताल में पिछले दो सालों से सेवाएं दे रहे हैं। कुछ समय पूर्व अस्पताल प्रशासन की ओर से उनके ओपीडी कक्ष को ईएनटी ओपीडी संचालित करने के लिए आवंटित किया गया। कहा जब उन्होंने अपनी ओपीडी के बारे में अस्पताल प्रशासन से बात की तो उन्हें इमरजेंसी में भेजने व 12 घंटे ड्यूटी करने को कहा गया। कहा उनके रूटीन के मरीज हैं जिन्हें दोबारा दिखाने के लिए बोला गया है। ऐसे में उन मरीजों के साथ भी धोखा हो रहा है। इन मरीजों को देखने के लिए उन्हें अस्पताल के बाहर ओपीडी लगाने के लिए विवश होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल प्रशासन और उच्चाधिकारियों ने इस मामले का समाधान नहीं किया और उन्हें उनकी विशेषज्ञता के अनुरूप ओपीडी कक्ष मुहैया नहीं कराया तो उन्हें त्यागपत्र देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर मनमानी का आरोप भी लगाया।

डा. गोविंद पुजारी, सीएमएस, उप जिला अस्पताल श्रीनगर गढ़वाल का कहना है कि डा. अंकित गैरोला की नियुक्त अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में हुई है। पूर्व में डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें ओपीडी संचालित कराने के लिए कक्ष दिया गया था। लेकिन अब अस्पताल में अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त हुए हैं। अस्पताल में ओपीडी कक्षों की कमी के कारण उन्हें इमरजेंसी सेवाएं देखने और इमरजेंसी कक्ष के बगल में ही एक कक्ष आवंटित कर दिया गया था। जिस पर वह सहमत नहीं हो रहे हैं। अस्पताल के बाहर ओपीडी संचालित करना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। (एजेंसी)

# कवि सम्मेलन में कवियों की प्रस्तुतियों से श्रोता मंत्रमुध

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालय साहित्य एवं कला परिषद श्रीनगर गढ़वाल की ओर से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियों की प्रस्तुतियों की श्रोताओं ने सराहना की। मुख्य अतिथि प्रो. आरपी गैरोला, प्रो. एसएस रावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलने में इंदौर से पहुंचे कवि अशोक नागर ने घर बड़ा हो या छोटा गर मिठास ना हो तो, आदमी क्या आएंगे चीटियां नहीं आती आदि प्रस्तुतियों की श्रोताओं ने जमकर तारीफ की। लखनऊ के साहित्यकार श्यामल मजूमदार ने सियासत में अंधी कमाई न होती, तो चेहरे पर उनके लुनाई ना होती जैसी हास्य व्यंग्य रचनाओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। हरदोई से पहुंचे गीतकार सुखदेव पांडेय सरल ने तू मेरा है मुझे तुझपे घमंड है, इसलिए प्यार भी तुझसे प्रचंड है एवं मां पर केंद्रित कविताओं को सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। शहजहांपुर से आए युवा कवि प्रशांत बाजपेई ने कैसे ना संदेह करें हम राजनीति की खोटों पर,चौराहों पर चिल्लाऊंगा भारत मां की चोटों पर रचना सुनाकर देशभक्ति से श्रोताओं को ओत-प्रोत किया। पौड़ी की डा. ऋतु सिंह ने चले आओ पहाड़ों पर, निमंत्रण दे रही हूं मैं सुनाकर कवि सम्मेलन को जीवंत कर दिया। झांसी के कवि डा. दीपक द्विवेदी जी ने आध्यात्म पर केंद्रित कविता बड़े संकोच में इस गीत को गाना पड़ा है, तुम्हें बैकुण्ठ से उर में मेरे आना पड़ा है सुनाकर भक्ति रस में डुबो दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. उमा मैठाणी व संचालन प्रसिद्ध कवि नीरज नैथानी ने किया। इस मौके पर प्रो. डीआर पुरोहित, प्रो. आरसी डिमरी, डा. संजय पाण्डेय, जयकृष्ण पैन्यूली, शंभू प्रसाद भट्ट स्नेहिल, राजेश जैन, महेश गिरी, देवेंद्र उनियाल, डा. प्रकाश चमोली, माधुरी नैथानी, अंजना घिल्डियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मानदेय व साप्ताहिक अवकाश का भुगतान न होने से श्रमिकों में रोष

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड जल संस्थान के संविदा श्रमिक संघ ने समय पर वेतन न मिलने व साप्ताहिक अवकाश का भुगतान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समय पर मानदेय व साप्ताहिक अवकाश का भुगतान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की। श्रमिकों ने कहा कि जल्द ही समस्याएं पूरी नहीं होने पर पंपिंग योजना बंद कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। सोमवार को उत्तराखंड जल संस्थान के संविदा श्रमिक संघ ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के शाखा अध्यक्ष चंद्रमोहन खत्री ने बताया कि जल संस्थान पौड़ी डिवीजन में ठेकेदारी प्रथा पर तैनात पंप आपरेटर, फिल्टर आपरेटर व फील्ड में तैनात श्रमिकों को दो सालों से लगातार मानदेय नहीं मिल रहा है। जिस कारण श्रमिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि 6 महीने में श्रमिकों को केवल एक या दो महीने के मानदेय का भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि साल 2019 तक सभी श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश पर भुगतान मिलता था, लेकिन अब वह भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से श्रमिकों को मानदेय व साप्ताहिक अवकाश का भुगतान समय पर दिलवाने की मांग की।

# भंडारी हत्याकांड : फैक्ट फाइडिंग कमेटी लेगी एससी की शरण

श्रीनगर गढ़वाल : अंकिता भंडारी हत्याकांड में फैक्ट फाइडिंग कमेटी सुप्रीम कोर्ट जाएगी। कमेटी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में अंकित हत्याकांड को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कई तरह की चूक की गई। इस केस में शासन स्तर पर लोग लिप्त रहे हैं और सबूतों को नष्ट किया गया।



टीम के सदस्यों ने यहां एक कार्यक्रम में सार्वजनिक की गई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस केस में पहले दिन से जो सवाल मौजूद थे वह एसआईटी की चार्जशीट के बाद भी जस के तस बने हुए हैं। पत्रकारों से बाचतीत में कमेटी की सदस्य शिवानी ने कहा एसआईटी ने उस वीआईपी का नाम अभी तक उजागर नहीं किया है और न ही अभी तक वंतरा रिजॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त कर सुबूत मिटाने वालों पर जांच को प्रभावित करने के लिए जांच के दायरे में लिया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच पीड़िता के पक्ष में नहीं है। मुख्य सवालों के उत्तर ना मिलने के बावजूद भी कोर्ट ने एसआईटी की जांच को न्याय की दिशा में बढ़ने वाला कहा है। फैक्ट फाइडिंग टीम ने कहा कि वह कोर्ट के आदेश को भी पीड़िता के पक्ष में नहीं मानता है।

इन सब के खिलाफ आंदोलनकारी लोग आंदोलन करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट दोनों का दरवाजा खटखटाएंगे। रेशमा पंवार ने कहा कि इस रिपोर्ट और कोर्ट के आदेश के बाद हमें आंदोलन का ही रास्ता दिखता है। इस मौके पर समाज सेवी अनिल स्वामी, गंगा असनोड़ा थपलियाल, डा.योगेंद्र कांडपाल, अंकित उछोली आद मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विधायक ने किया शादियों में कॉकटेल पार्टी न करने वाले परिजनों को सम्मानित

नई टिहरी : घनसाली क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता स्व. चंद्र सिंह बिष्ट की चौथी पुण्यतिथि पर घनसाली में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शादियों में कॉकटेल पार्टी न करने वाले परिजनों को विधायक शक्तिलाल शाह ने प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

इससे पहले छात्रों ने घनसाली बाजार में रैली निकालकर लोगों को नशे के प्रति जागरुक किया। घनसाली क्षेत्र में बीते अक्टूबर, नवबंर और दिसबंर माह में हुई शादियों की मेंहदी रस्म के मौके पर कॉकटेल पार्टी न करने वाले परिवारों को सम्मानित किया गया। इन परिवारों ने कॉकटेल पार्टी में शराब नहीं परोसी। विधायक ने कहा कि घनसाली क्षेत्र के बीते दिनों हुई शादियों में कई लोगों ने बिना कॉकटेल पार्टी के अपने पुत्र और पुत्रियों की शादियों को संपन्न करवाया है, वह सभी बधाई के पात्र हैं। कहा नशा समाज में बुराई पैदा करता है। अन्य लोगों को भी इस परम्परा को आगे बढ़ाने जरुरत है।

सम्मानित होने वालों में लुदर सिंह गुनसोला, भरत सिंह नेगी, कीर्ति नेगी, खुशीराम रतूड़ी, दर्शन लाल भुजवान, बीना पंवार, पुष्पा देवी, सुशीला देवी आदि शामिल रहे। इस मौके पर आरबी सिंह, लोकेन्द्र दत्त जोशी, केशर सिंह, डॉ. नरेन्द्र डंगवाल, जय शंकर नगवाण, मनोज रमोला, गोविन्द सिंह, विमला भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करें : सीओ

रुद्रप्रयाग : जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी ने सभी थाना प्रभारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्यवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा जनपद से संबंधित वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी कराए जाने को लेकर समीक्षा की। बताया कि कोतवाली रुद्रप्रयाग से संबंधित 3 वांछित अपराधी एवं 2 मफरूर अपराधी हैं। इन पर पुरस्कार भी घोषित है। थाना अगस्त्यमुनि से संबंधित 4 वांछित अपराधी तथा थाना गुप्तकाशी से संबंधित 5 वांछित अपराधी हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों से वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किए जाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी ली।

# आर्यन व देवांश को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालय साहित्य एवं कला परिषद चैरेटेबल ट्रस्ट की ओर से किर्गिस्तान में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले श्रीनगर के आर्यन कंडारी व देवांश नौटियाल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान में उन्हें स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र व शॉल भेंट किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनकी उपलब्धि को देश एवं श्रीनगर के लिए गौरव का विषय बताया।सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी कृष्णानंद मैठाणी, मुख्य अतिथि प्रो. आरपी गैरोला, प्रो. एसएस रावत के हाथों आर्यन व देवांश का सम्मान किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि छोटी उम्र में ही इन दोनों युवाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। कहा यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। मौके पर आर्यन के पिता व जिला व्यापार सभा अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, देवांश नौटियाल के पिता दीपक नौटियाल, व्यापार सभा श्रीकोट के अध्यक्ष नरेश नौटियाल, शैलनट संस्था के अध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा, रोटरी क्लब के वेदव्रत शर्मा, प्रो. प्रकाश नौटियाल, त्रिलोक थपलियाल, विमल बहुगुणा, नीरज नैथानी, जयकृष्ण पैन्यूली आदि मौजूद रहे। संचालन डा.प्रकाश चमोली ने किया। (एजेंसी)

## श्रीनगर में स्क्रीनिंग ओपीडी शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए श्रीनगर मेडिकल कालेज के टीचिंग बेस चिकित्सालय प्रशासन ने अस्पताल पहुंच रहे मरीजों की स्क्रीनिंग ओपीडी शुरू कर दी है। अब मरीजों को बेस चिकित्सालय में प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। बेस चिकित्सालय के आकस्मिक विभाग के पास डाक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसमें मरीजों के तापमान सहित एसपीओटू की जांच की जा रही है। अस्पताल के पीआरओ अरूण बडोनी ने बताया कि बेस चिकित्सालय में चार जिलों के मरीज इलाज करवाने पहुंचते है।

# नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने पुलिस प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के खिलाफ अभियान चलाने व नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इसे लेकर कीर्तिनगर कोतवाली निरीक्षक चंद्रभान सिंह के माध्यम से एसएसपी टिहरी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नशे का प्रचलन बढ़ रहा है। जिसकी गिरफ्त में युवा आ रहे हैं।

इससे उनके परिवारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता बताई। ज्ञापन देने वालों में प्रधान राजेंद्र सिंह महर, मीनाक्षी पुंडीर, हेमा देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रण

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| निविदा सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य ₹ | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 36,22,300/- | 20.01.2023 |

www.ireps.gov.in

दिनांक: 26.12.2022

## छात्राओं को दी गौरा शक्ति एप की जानकारी

नई टिहरी : बीपुरम स्थित नरेन्द्र महिला विद्यालय इंटर कॉलेज की छात्राओं को टिहरी पुलिस ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, साइबर क्राइम, महिला अपराध, मानव तस्करी को लेकर अहम जानकारी दी। साथ ही उन्हें गौर शक्ति एप की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जज ममता पंत, प्रधानाचार्य आराधना कुकरेती, चौकी प्रभारी बीपूरम जितेंद्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## प्रशिक्षण से युवाओं को मिलेगा हुनर

नई टिहरी : केंद्र सरकार की ओर से स्वरोजगार योजना से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे शिल्पी ग्राम (अनुजा) योजना के तहत ड्रीम्स संस्था ने कताई-बुनाई प्रशिक्षण जौनपुर ब्लाक के सौंड़ी गांव में आरंभ किया। जो कि आगामी 6 माह तक चलाया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद युवा स्वरोजगार शुरू करने के साथ ही मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर सकते है। ड्रीम संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर अमित भट्ट ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 42 युवक-युवतियों ने आवेदन किया है। प्रशिक्षण अवधि में हर महीन 500 रूपये प्रशिक्षणार्थी को छात्रवृति की रूप में मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं विकास निगम के सहायक समाज कल्याण अधिकारी नवीन रावत व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान रीना बंगारी ने कहा कि प्रशिक्षण से युवाओं को हुनर मिलेगा। (एजेंसी)

## ट्रक पलटा, चालक घायल

नई टिहरी : ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग पर रविवार देर रात को रेलवे परियोजना के निर्माण कार्य के लिये हॉट मिक्सिंग मटेरियल लेकर जा रहा ट्रक कौड़ियाला के समीप बदरीनाथ हाईवे किनारे पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक विनोद (40) पुत्र रामदयाल निवासी झारखंड घायल हो गया। सूचना पर बछेलीखाल चौकी प्रभारी रविंद्र डोभाल के साथ एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। चालक को ट्रक से बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस सेवा से ऋषिकेश उपचार हेतु भेजा गया। चौकी प्रभारी रविंद्र डोभाल ने बताया की रात्रि करीब साढ़े दस बजे हॉट मिक्स मटेरियल लेकर देवप्रयाग से कौड़ियाला जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर शिवमंदिर के निकट सड़क किनारे पलट गया, बताया उस समय ट्रक में चालक के अलावा अन्य कोई सवार नहीं था। (एजेंसी)

## रेफरी मनोज नेगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

नई टिहरी : कबड्डी के जाने माने रेफरी मनोज नेगी झारखंड में आयोजित होने वाली 32वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तराखंड से एकमात्र रेफरी चयनित हुये हैं। उक्त प्रतियोगिता झारखंड के बोकारो में 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होगी।

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता की योजना (एडिप योजना)

इस योजना के तहत, दिव्यांगजनों को उनके सशक्तिकरण, पुनर्वास और स्वतंत्र जीवनयापन के लिए सहायक यंत्र और सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं।

आवेदन कहां करें ?
सहायक यंत्रों और सहायक उपकरणों के लिए आवेदन करना सरल, शीघ्र और आसान है। कम्प्यूटर या स्मार्टफोन से बस एक क्लिक पर।
अर्जुन पोर्टल
पर कहीं भी कभी भी

डिजिटल इंडिया मिशन से दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण
adip.disabilityaffairs.gov.in पर
अर्जुन पोर्टल पर जाएं
लॉग इन आवश्यक नहीं है
आवेदन पत्र की स्थिति की जांच करें
और कुछ ही क्लिक में शिकायत दर्ज करें

आवेदन कैसे करें ?
बस कुछ सरल चरणों का पालन करें:-
adip.disabilityaffairs.gov.in पर जाएं →
लाभार्थी पंजीकरण पर क्लिक करें →
फार्म भरें और जमा करें

किसी भी पूछताछ के लिए संपर्क करें:-
1800-5990019 (एलिम्को का टोल फ्री नंबर)
011-24369027, 011-24362127,
,9968578428,8981303685
ईमेल आईडी :- adipsection-depwd@gov.in

cbc 38117/11/0048/2223

सम्पादकीय

# अंकिता पर फिर फोकस

उत्तराखंड के अंकिता हत्याकांड को लेकर एक बार फिर राजनीति गरमा रही है। कहने को तो स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल करने का दावा किया है तो वहीं दूसरी ओर इस प्रकरण की पीछे कई सवाल अब तक अनसुलझे रहस्यों के सागर में गोते खा रहे हैं। उत्तराखंड प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास जनसमस्याओं से जुड़े मुद्दों को लेकर भले ही सड़क पर उतरने की कोई अधिक मुद्दे ना हो लेकिन अंकिता हत्याकांड को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत मैदान में उतरे हुए हैं। हरीश रावत देहरादून के गांधी पार्क में अंकिता हत्याकांड में सीबीआई जांच से सरकार की बेरुखी को लेकर सवाल उठा रहे हैं तो वही यह समझ से परे है कि अभी तक वह इस मसले पर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन क्यों नहीं कर रहे थे? अंकिता हत्याकांड उत्तराखंड के इतिहास के लिए एक काला अध्याय है जिसमें सत्तापक्ष से जुड़े लोगों ने अपने प्रभुत्व का प्रयोग करते हुए एक मासूम युवती को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि वह उनके कहे अनुसार सेवाएं देने को तैयार नहीं हुई। पुत्र से लेकर पिता तक पाप का ब्यूरो खुलकर सामने आने लगा है तो निश्चित तौर पर यह समझा जा सकता है कि जहां अंकिता काम कर रही थी वह कोई अच्छा स्थान नहीं था। खैर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इस प्रकरण पर 24 घंटे के धरने पर बैठे हैं और मांग है कि सीबीआई जांच की जाए, कि रिजॉर्ट में बुलडोजर किसके आदेश पर चलाया गया, रिजॉर्ट सील क्यों नहीं किया गया, रिजॉर्ट में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद दो बार आग कैसे लगी? सरकार तो पहले ही सीबीआई जांच को लेकर अधिक संजीदा नजर नहीं आई लेकिन अब एसआईटी अपनी चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर रही है तो इन परिस्थितियों में इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे इन पर सवाल ही खड़े हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी लगता है काफी देर से जागे हैं। हरीश रावत के साथ दिक्कत यह है कि वह दिल्ली में शामिल तो किए गए हैं लेकिन उत्तराखंड का मोह छोड़ना नहीं चाहते। उत्तराखंड के मुद्दों के साथ खुद को जोड़ कर वह उत्तराखंड से जुड़ी अपनी राजनीति जिंदा रखना चाहते हैं। बेहतर होता वह अंकिता हत्याकांड के बजाय आम जनता से जुड़े सामाजिक व बुनियादी मुद्दों को लेकर धरना देते। निश्चित तौर पर एसआईटी अपना काम कर रही है और राज्य सरकार ने जांच एजेंसी को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वे बिना किसी दबाव के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करें। कांग्रेस को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के इस कार्यक्रम से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है क्योंकि मामला अब चार्जशीट दाखिल करने के बाद अदालत में है और आने वाले दिनों में किस प्रकार की दलीलें कोर्ट में पेश की जाती है यही मायने रखेगा। रही बात सीबीआई जांच की तो इसकी उम्मीद है ना तो पहले थी और ना ही आने वाले दिनों में यह बलवती होंगी, इसकी कोई उम्मीद है।

# वन्य जीव : कानून को ज्यादा सख्त बनाना होगा

**भगवती प्र. डोभाल**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन वन्य जीवन संरक्षण संशोधन विधेयक राज्य सभा के पटल पर रखा।

इससे पूर्व यह विधेयक मानसून सत्र में 3 अगस्त को लोक सभा में पारित कर दिया गया था। इस बिल का उद्देश्य वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्रायरू प्रजातियों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन के बेहतर कार्यान्वयन के लिए एक प्रयास है।

विधेयक एक ऐसे प्रावधान के कारण से विवादास्पद था, जिसमें हाथियों का व्यापार करना संभव बना दिया गया था। इस कारण सदन में भारी विरोध के कारण उस प्रावधान को हटा दिया गया। विधेयक पेश करते हुए यादव ने कहा कि जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्रायरू होने वाली प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन सीआईटीईएस के तहत भारत के दायित्वों को पूरा करने के लिए संशोधन पेश किया गया है, क्योंकि भारत सीआईटीईएस का सदस्य है। जिस गति से वन्य जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों का नुकसान हो रहा है, यह समझौता उसी के पालन के लिए संशोधित किया गया था।

भारत में वन्य जीवों के अवैध व्यापार के लिए अलग नियमों का प्रावधान किया गया है-जैसा सीमा शुल्क अधिनियम, एक्जिम नीति, विदेश व्यापार महानिदेशालय और वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम के तहत नियंत्रित किया जाता है। सीआईटीईएस ने वन्य जीवों के अवैध व्यापार के लिए अलग नियम का प्रावधान बनाया। यूपीए ने सीआईटीईएस के तहत अपने आश्वासनों को पूरा नहीं किया। लेकिन हम अभी इसे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। लोक सभा ने इसे पारित कर दिया है। यादव ने कहा कि अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईटीईएस के परिशिष्ट-2 से परिशिष्ट-1 में लाल मुकुट वाले कटुवे और लीथ के सफ्ट शेल कटुवे को स्थानांतरित करने के भारत के प्रस्ताव को पनामा में सीआईटीईएस की 19वीं बैठक में पार्टियों के सम्मेलन सीवोपी द्वारा अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि सीआईटीईएस ने छोटे कारीगरों को राहत देते हुए 10 किग्रा. तक की शीशम की लकड़ी में व्यापार पर कैप को मुक्त करने की अनुमति दी है।

लोक सभा में पारित विधेयक में वन्य जीवों के लिए राज्य बोडरे की स्थायी समितियों के गठन से संबंधित प्रावधान बनाया गया है। विशेषज्ञों ने कहा है कि इस प्रावधान से राज्य स्तर पर बुनियादी ढांचा, परियोजनाओं के लिए वन्य जीवन मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने की संभावना है, क्योंकि पैनल में ज्यादातर आधिकारिक सदस्य शामिल होंगे। अप्रैल में कांग्रेस नेता जयराम रमेश की अध्यक्षता वाली संसद की स्थायी समिति ने केंद्र से बंदी हाथियों के परिवहन के प्रावधानों का स्पष्टीकरण देने के लिए



**देखा जाए तो देश के 20 फीसद भाग में वन हैं, वनों की सुरक्षा जरूरी है। इसके लिए स्थानीय लोगों की भूमिका बहुत आवश्यक है। उनके जंगल में घुसने के अधिकार को नहीं रोका जाना चाहिए। वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा में आदिवासियों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने ही वन संपदा को सुरक्षित रखने का प्रयास किया है। उनको वनों से बेदखल कर बाहरी व्यक्ति और व्यावसायिक हाथों के सुपुर्द करना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। वनों के कटान का सिलसिला ब्रिटिश काल से ही उनके द्वारा बनाए कानूनों से शुरू हो गया था। इसी कारण वनों की अंधाधुंध कटाई से आज बहुत सारे वन समाप्त हो चुके हैं, और उस क्षेत्र में पैदा होने वाली वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का इस धरती से पलायन हो गया है।**

**उनका सरंक्षण ऐसे कानून और बिल नहीं कर सकते। इसलिए सोच-समझ कर ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो सही मायनों में प्रति का संरक्षण करने में कारगर हो सके। आज सरकार जो कानून बनाने जा रही है, वह पर्याप्त नहीं हैं। मनुष्य के लिए प्राण वायु से लेकर इको सिस्टम की सख्त जरूरत है।**

कहा गया था और इसकी कुछ सिफारिशों को केंद्र ने स्वीकार कर लिया था। तत्कालीन संप्रग सरकार ने 2005 में इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आश्वासन दिया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया।

यह सरकार इस आश्वासन को पूरा करने के साथ ही 1972 के कानून में संशोधन करना भी चाहती है। इस पर कांग्रेस के विवेक के. तन्खा ने कहा कि वन्य जीवों पर कानून बनाने का अधिकार पहले राज्यों के पास था। 1970 के दशक में संविधान संशोधन के बाद इस विषय को समवर्ती सूची में डाल दिया गया था। बिल का सेक्शन 43 इजाजत देता है कि हाथियों को एक जगह से दूसरी जगह धार्मिक और श्अन्य किसी भी कार्यों के लिए ले जा जाया जा सकता है, जो कुछ स्पष्ट नहीं करता। बिल में यह बात स्पष्ट हो कि तीसरी पार्टी की शिकायत पर लुप्त हो रही प्रजातियों को गैर-कानूनी ढंग से बंदी बनाए जाने पर रोक लगे। इसी बात पर विपक्षी दलों ने सदन में बिल का विरोध किया और जोर दिया कि सरकार संघीय ढांचे की व्यवस्था को तोडने का प्रयास कर रही है।

देखा जाए तो देश के 20 फीसद भाग में वन हैं, वनों की सुरक्षा जरूरी है। इसके लिए स्थानीय लोगों की भूमिका बहुत आवश्यक है। उनके जंगल में घुसने के अधिकार को नहीं रोका जाना चाहिए। वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा में आदिवासियों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने ही वन संपदा को सुरक्षित रखने का प्रयास किया है। उनको वनों से बेदखल कर बाहरी व्यक्ति और व्यावसायिक हाथों के सुपुर्द करना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। वनों के कटान का सिलसिला ब्रिटिश काल से ही उनके द्वारा बनाए कानूनों से शुरू हो गया था। इसी कारण वनों की अंधाधुंध कटाई से आज बहुत सारे वन समाप्त हो चुके हैं, और उस क्षेत्र में पैदा होने वाली वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का इस धरती से पलायन हो गया है।

उनका सरंक्षण ऐसे कानून और बिल नहीं कर सकते। इसलिए सोच-समझ कर ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो सही मायनों में प्रति का संरक्षण करने में कारगर हो सके। आज सरकार जो कानून बनाने जा रही है, वह पर्याप्त नहीं हैं। मनुष्य के लिए प्राण वायु से लेकर इको सिस्टम की सख्त जरूरत है। सभी तरह के जीव-जंतुओं का अस्तित्व बनाए रखने का प्रयास जरूरी है, ताकि धरती हरी-भरी और उसका संतुलित अनुपात कायम रह सके। ऐसा न होने से मौसम का बदलाव हर किसी को इस धरती से उखाड़ दें क सकता है।

# सत्र में दिखी विपक्षी एकता

संसद के शीतकालीन सत्र में भले विपक्षी पार्टियों के उठाए मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई लेकिन संसद के अंदर और बाहर विपक्षी पार्टियों में एकजुटता देखने को मिली। ऐसी पार्टियां, जो एक दूसरे का खुल कर विरोध करती हैं और चुनाव में एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए लड़ती हैं वो पार्टियां भी एक साथ आईं। आम आदमी पार्टी के नेता भी कांग्रेस की बुलाई बैठक में शामिल हुए तो तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति के नेता भी कांग्रेस के साथ बैठे। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए दो बैठकें कीं और उनमें आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और बीआरएस के नेता शामिल हुए। संसद के अंदर विपक्षी पार्टियों ने एक दूसरे के पूरक के तौर पर काम किया। हर पार्टी ने दूसरी विपक्षी पार्टी के उठाए मुद्दों का समर्थन किया।

चीन के मसले पर चर्चा नहीं कराने के विरोध में संसद परिसर में सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसद जुटे तो सभी विपक्षी पार्टियों के नेता उस विरोध में शामिल हुए। इसी तरह केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने बिहार के विरोध में अपमानजनक टिप्पणी की तो राष्ट्रीय जनता दल ने इसका मुद्दा बनाया और सभी पार्टियों के नेता राजद के साथ इसके विरोध में शामिल हुए।

संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने राजद के साथ उसकी सहयोगी जदयू और कांग्रेस तो शामिल हुए ही साथ ही डीएमके, शिव सेना, तृणमूल कांग्रेस आदि के सांसद भी शामिल हुए। इससे पहले कांग्रेस की बुलाई बैठकों में आप, तृणमूल और बीआरएस के नेता शामिल नहीं होते थे। इस बार तृणमूल ने कांग्रेस के वाकआउट में भी उसका साथ दिया। हालांकि इससे यह नहीं कहा जा सकता है कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सभी विपक्षी पार्टियां एक हो जाएंगी। लेकिन संसद की एकजुटता बाहर भी जरूर काम आएगी।

# समाधान तो सोचना होगा



भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में लागू की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर-कानूनी धंधा फूलने-फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती।

बिहार में जहरीली शराब हादसे की ताजा घटना में मौतों की बढ़ती संख्या के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह विवादास्पद बयान दिया कि श्पियोगे तो मरोगे। उनकी दलील है कि हत्या अनंतकाल से अपराध है, फिर हत्याएं होती हैं। उसी तरह शराब पीना अपराध बनाए जाने के बाद आपराधिक तत्व इसे बेचने का धंधा करते हैं, जिसमें लोग सहभागी बन कर अपनी जान को खतरे में डालते हैं। इस सिलसिले में नीतीश कुमार से यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि क्या हत्याकांड होने पर प्रशासन और सरकार की जवाबदेही तय नहीं की जाती है? इसी तरह भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर-कानूनी धंधा फूलने-फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। जिस तरह उसने समाज सुधार के इस कदम के लिए उत्साह दिखाय, उससे वैसी ही अपेक्षा उस कदम की वजह से पैदा हुई समस्या का समाधान ढूंढने की है।

गौरतलब है कि पहले की घटनाओं की तरह ही ताजा घटना के शिकार ज्यादातर गरीब और पिछड़े तबकों के लोग बने हैं। जबकि ये आम शिकायत है कि संपन्न और रसूखदार लोगों के लिए शराब सप्लाई की व्यवस्था बदस्तूर जारी है। आरोप तो यह है कि इस व्यवस्था को पुलिस और प्रशासन की सहभागिता से चलाया जा रहा है। ऐसे में सरकार उसके कदम की वजह से बनी स्थिति के शिकार लोगों को ही दोषी ठहरा कर अपनी

**आरोप तो यह है कि इस व्यवस्था को पुलिस और प्रशासन की सहभागिता से चलाया जा रहा है। ऐसे में सरकार उसके कदम की वजह से बनी स्थिति के शिकार लोगों को ही दोषी ठहरा कर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उसके पास इस शिकायत का भी कोई उचित जवाब नहीं है कि तमाम इलाकों में आसानी से शराब मिल जाती है। वहां टैंकरों के जरिए बाहर से उसे लाया जाता है और फिर लोकल वेंडर इसकी सप्लाई करते हैं। ताजा घटना सारण जिले में हुई है।**

**इस जिले के इन्हीं इलाकों में चार माह पहले 18 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई थी। तब भी ये बात सामने आई थी कि देसी शराब किस सहजता के साथ उपलब्ध है।**

जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उसके पास इस शिकायत का भी कोई उचित जवाब नहीं है कि तमाम इलाकों में आसानी से शराब मिल जाती है। वहां टैंकरों के जरिए बाहर से उसे लाया जाता है और फिर लोकल वेंडर इसकी सप्लाई करते हैं। ताजा घटना सारण जिले में हुई है।

इस जिले के इन्हीं इलाकों में चार माह पहले 18 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई थी। तब भी ये बात सामने आई थी कि देसी शराब किस सहजता के साथ उपलब्ध है। इस बार भी मामला सामने आने के बाद से बीते 48 घंटे के दौरान 600 लीटर देसी शराब जब्त की जा चुकी थी। सवाल है कि ये जब्ती पहले क्यों नहीं हुई?

# तन्हाइयों के दस्त में आबाद कौन था!

**जगदीश सिंह सम्पादक**

**'जरा सोच तेरे बाद -अब कौन है'--!?**

**'आ देख मुझ पे वक्त ने क्या क्या सितम किए-'!**

**'सबने भुला दिया है-- किसे याद कौन है'!!---?**

**नव वर्ष दस्तक देने लगा है! बसन्त के आगमन की भीनी सुगन्ध अभी से मदमस्त पवन की संगति पाकर फैलने लगी है!उम्र के पड़ाव का एक अहम मुकाम गुजर गया!नव वर्ष में उत्कर्ष के साथ गुजरते वर्ष के संघर्ष की स्वीकारोक्ति को साथ लिए जिघ्न्दी के किताब में एक अध्याय जुड़ जायेगा-----!मुस्कराते भगवान भास्कर प्रति के परम्परा को प्रवाहमान करने का उदाहरण प्रस्तुत करते सदियों से चली आ रही ब्यवस्था को आस्था का सम्वर्धन देते नियमित परागमन के सिद्धांत काअनुमोदन करते उदय के बाद अस्त होना निश्चित है!जीवन का यही प्रायश्चित है!यही इस नश्वर संसार का अकाट्य सत्य है!जो आया है उसको माया लोक से विलोपित होकर परमात्मा में समाहित हो जाना ही नियति है।**

लम्हा लम्हा गुजरती जिन्द्गी धीरे धीरे मन्जिल के तरफ झंझावात करती आस्था को साथ लिए बिश्वास की डोर पकड़े तमाम सवालों से जकड़े निरन्तर आगे बढ़ती जा रही है।जीवन के उपवन को संजोते कुछ पाते बहुत कुछ खोते पल पल कल बल छल के शानिध्य में कभी खुशी तो कभी मायूसी का दर्द लिए फर्ज के साथ सब कुछ आत्मसात करते मरते दम तक आदमी अपनों के भविष्य के लिए दिन रात भाग दौड़ में लगा रहता है उसे पता ही नहीं चलता है की खुशियों का जमाना कब साथ छोड़ दिया! जिसके लिए सब कुछ किया वो कब मुंह मोड़ लिया!गुरुबत का फैसला मानकर कर हौसला रखना अपनी मजबूरी भी होती है!जीने के लिए चाहत जरुरी भी होती है?जरा गौर करें ख्वाबों को दिल मे लिए जिघ्न्दी हर वक्त खुशहाली के पीटे पीटे भागती रहती है!प्रारब्ध के खेल में कभी धूप कभी छांव में लुका छिपी का तमाशा कभी आशा तो कभी निराशा के आवरण में चलता रहता है!और इसी के साथ अनमोल लम्हें धीरे धीरे सरकते रहते हैं!जब सब कुछ पाने की तमन्ना में जीवन की दोपहरी गुजरकर शाम की दस्तक देती है तब आखरी मंजिल का एहसास बधवास कर देता है!मगर तब तक तो बहुत देर हो चुकी होती है!सब कुछ पराया लगता है!दिन तो लोगों के बीच किसी तरह कट जाता है मगर रात की तन्हाई अश्कों की तरुणाई में सिसकन लिए गुजरे पलों की याद को आत्मसात कर भोर तक दिल को झकझोर कभी रूलाती तो कभी भाव विभोर कर अपनों के बीच गुजरे कर्ण प्रिय शोर को ताजा कर जाती है!

जीवन के उपवन की महकती सुगन्ध जब गुजरे पलों के सतह से टकरा करअपनी महक बिखेरती है उस समय अनायास ही दिल उदास हो उठता है जिनके शानिध्य में सपने देखा आज वही अपने तन्हा छोड़कर स्वार्थ की दहकती ज्वाला में तिल तिल कर मरने को विवश कर चले गए!कुछ दिन में साल बदल जायेंगी! नव वर्ष दस्तक देने लगा है! बसन्त के आगमन की भीनी सुगन्ध अभी से मदमस्त पवन की संगति पाकर फैलने लगी है!उम्र के पड़ाव का एक अहम मुकाम गुजर गया!नव वर्ष में उत्कर्ष के साथ गुजरते वर्ष के संघर्ष की स्वीकारोक्ति को साथ लिए जिघ्न्दी के किताब में एक अध्याय जुड़ जायेगा-----!मुस्कराते भगवान भास्कर प्रति के परम्परा को प्रवाहमान करने का उदाहरण प्रस्तुत करते सदियों से चली आ रही ब्यवस्था को आस्था का सम्वर्धन देते नियमित परागमन के सिद्धांत काअनुमोदन करते उदय के बाद अस्त होना निश्चित है!जीवन का यही प्रायश्चित है!यही इस नश्वर संसार का अकाट्य सत्य है!जो आया है उसको माया लोक से विलोपित होकर परमात्मा में समाहित हो जाना ही नियति है!सत्कर्म को चक्रबृधि बनाकर जिसने सुख सम्बृधि त्याग दिया उसी का आखरी सफर भी सुहाना रहा रहा। गुजरते वक्त को बाय बाय आने वाले वक्त को सलाम!--!! सबका मालिक एक साईराम।

# 2024 का चुनाव : भाजपा या संयुक्त मोर्चा

**अजय दीक्षित**

जनता दल-यू के अध्यक्ष ललन सिंह ने हुंकार भरी है कि 2024 में भारत को भाजपा-मुक्त किया जा सकता है । प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को चुनावों में पटखनी दी जा की है । बिहार में लोकसभा की सभी 40 सीटें जदयू गठबन्धन जीतेगा। यह भी दावा किया गया है कि यदि नीतीश कुमार को दिल्ली भेज दें, तो 6 महीने में ही सरकार गिर जायेगी । ललन सिंह कौन हैं, फिलहाल बिहार के बाहर देश उन्हें नहीं जानता कि वह कैसे अफलातून हैं । वह जद यू सरीखे क्षेत्रीय दल के मनोनीत अध्यक्ष रू-यू हैं, जिन पर नीतीश कुमार की पा है। उन्होंने जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय पार्टी बनने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल लालू-तेजस्वी यादव के राजद के सहारे नीतीश कुमार और जद यू बिहार में सत्तारूढ़ हैं। ये कब पलटू हो जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। अलबत्ता भाजपा ने अब गठबंधन करने से तौबा कर ली है। बहरहाल ललन सिंह का बयान महज बड़बोलापन और अपरिपक्क सियासत का उदाहरण तो हो सकता है। इसके अलावा यह बेमानी है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी अपराजेय नहीं है, यह विश्लेषण हम कर चुके हैं, लेकिन 300 से ज्यादा लोकसभा सांसदों, करीब 100 राज्यसभा सदस्यों, देश के 17 राज्यों में सरकारें और विधायकों तथा करीब 18 करोड़ के काडर वाली भाजपा से मुक्त भारत की कल्पना की जा सकती है? कभी भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। बीते एक अरसे से भाजपा ने भी यह नारा छोड़ दिया है। अब तो हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनने के बाद तीन राज्यों में पार्टी सत्तारूढ़ है। 2019 के आम चुनाव में करीब 12 करोड़ मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया था। गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनावों कांग्रेस हाशिए पर आ गई है। उसके अलावा आम आदमी पार्टी (आप) देश की सबसे छोटी और शैशवकालीन पार्टियों में एक है। मात्र 10 साल की राजनीति के बाद ही वह राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। क्या आप मुक्त भारत की आवाज बुलंद की जा सकती है ? दरअसल हमारा मानना है कि साझा विपक्ष लोकसभा की सभी 543 सीटों पर, भाजपा के रू-ब-रू, साझा उम्मीदवार उतारे और सामूहिक तौर पर पूरा चुनाव लड़े, तो मोदी और भाजपा



**बीते एक अरसे से भाजपा ने भी यह नारा छोड़ दिया है। अब तो हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनने के बाद तीन राज्यों में पार्टी सत्तारूढ़ है। 2019 के आम चुनाव में करीब 12 करोड़ मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया था। गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनावों कांग्रेस हाशिए पर आ गई है। उसके अलावा आम आदमी पार्टी (आप) देश की सबसे छोटी और शैशवकालीन पार्टियों में एक है। मात्र 10 साल की राजनीति के बाद ही वह राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। क्या आप मुक्त भारत की आवाज बुलंद की जा सकती है ? दरअसल हमारा मानना है कि साझा विपक्ष लोकसभा की सभी 543 सीटों पर, भाजपा के रू-ब-रू, साझा उम्मीदवार उतारे और सामूहिक तौर पर पूरा चुनाव लड़े, तो मोदी और भाजपा को बेचौन किया जा सकता है ।**

को बेचौन किया जा सकता है । जीत-हार के दावे तब भी नहीं किए जा सकते । जद-यू की राजनीतिक हैसियत तो बौनी-सी है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रचार के बावजूद विधानसभा और स्थानीय स्तर के चुनाव विपक्ष जीत सकता है, लेकिन देश के आम चुनाव की बात शुरू होगी, तो प्रधानमंत्री मोदी आज भी सबसे लोकप्रिय, स्वीकार्य और राष्ट्रीय नेता हैं। यह उनके धुर विरोधी और वामपंथी चिन्तक तक मानते हैं । आम चुनाव के सन्दर्भ, मुद्दे और सरोकार भी राष्ट्रीय होते हैं । राष्ट्रीय सन्दर्भ में जद-यू फिलहाल भ्रूण की अवस्था में है । उसके शीर्ष नेता और गठबंधन की सातों ताकतें बिहार के विधानसभा उपचुनाव तो भाजपा के मुकाबले जीत नहीं पाईं और भाजपा मुक्त भारत की गालबजाई शुरू हो गई है। अभी तो यह देखना शेष है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के समर्थन, सहयोग के बिना जद यू कितनी लोकसभा सीटें जीत सकता है ? नीतीश कुमार लगातार विपक्षी एकता की अपील करते रहे हैं, विपक्ष के बड़े नेताओं से भी मुलाकातें की हैं, लेकिन सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस और शैशवकालीन आप अलग- अलग ध्रुवों पर मौजूद हैं । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सभी विपक्षी दल कांग्रेस की छतरी के तले आ जायें और विपक्षी महागठबंधन की शुरुआत की जायें, लेकिन आप के संयोजक केजरीवाल बार-बार यह व्यंजना देते रहे हैं कि कौन कांग्रेस ? वह खुद विपक्षी एकता के चेहरे बनना चाहते हैं । अभी तक तो विपक्ष के किसी भी मंच पर यह शुरुआती कोशिश दिखाई नहीं दी कि विपक्षी एकता के प्रति सभी गंभीर हैं। आप सिर्फ मोदी-विरोध के नाम पर विपक्षी गठबंधन के लिए तैयार नहीं है । सवाल यह भी किया जाता रहा है कि क्या क्षेत्रीय दलों के हाथों में देश की बागडोर

## गाजर के हलवे की जगह इस बार ट्राई करें गाजर के परांठे, आसान है रेसिपी

सर्दियों का मौसम चल रहा है और इस सीजन में हर घर में गाजर का खूब इस्तेमाल किया जाता है। अभी तक आपके घर में गाजर का इस्तेमाल जूस, सलाद और हलवा बनाने के लिए ही हुआ होगा, लेकिन क्या कभी आपने गाजर के परांठे बनाए हैं? आइए आज हम आपको गाजर के परांठे की रेसिपी के बारे में बताते हैं, ताकि आप इस सीजन इसे ट्राई कर सकें। **गाजर के परांठे बनाने के लिए इन चीजों की पड़ेगी जरूरत** गाजर एक ऐसी मौसमी सब्जी है, जिसका सेवन कई रूपों में किया जा सकता है। इसका सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। चलिए आपको बताते हैं कि गाजर के परांठे बनाने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होंगीरू 1) चार कप आटा 2) दो गाजर 3) स्वादानुसार नमक 4) तलने के लिए घी 5) दो चम्मच धनिया पत्ता 6) दो बारीक कटी हुई हरी मिर्च 7) एक बारीक कटा हुआ प्याज 8) एक चम्मच तेल **गाजर के परांठे बनाने का तरीका** गाजर का परांठा एक यूनिक रेसिपी है, जिसे बनाना बहुत आसान है। इसके लिए सबसे पहले सभी गाजरों को अच्टे से धो लें और फिर उन्हें कद्दूकस कर लें। इसके बाद एक पैन में तेल गरम करें और फिर इसमें कद्दूकस किया हुआ गाजर, बारीक कटी प्याज, नमक, बारीक कटी हरी मिर्च और कटा हुआ धनिया पत्ता डालकर लगभग पांच से सात मिनट तक अच्टे से पका लें।

# 20 दिन में 24 करोड़ चीनी नागरिक संक्रमित, लाशों से भर गए सैकड़ों कोल्ड स्टोरेज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दिन में तीन करोड़ 70 लाख कोरोना संक्रमित मिलने के बाद चीन सरकार ने आधिकारिक आंकड़ों को जारी करने पर रोक लगा दी है। अब चीन सरकार की तरफ से कोरोना संक्रमितों को लेकर रोजाना जारी की जाने वाली रिपोर्ट जारी नहीं की जाएगी। हालांकि, अभी भी अलग-अलग सोर्स से कई तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं। ये आंकड़े बेहद डराने वाले हैं। चीन की पत्रकार जेनिफर जेंग ने दावा किया है कि शनिवार को एक दिन के अंदर आठ हजार चीनी नागरिकों ने कोरोना संक्रमण के चलते दम तोड़ा। इसके पहले 21 दिसंबर को सबसे ज्यादा 10 हजार 700 लोगों की मौत हुई थी।

आलम ये है कि अस्पतालों और अंतिम संस्कार स्थलों पर लाशें रखने के लिए जगह तक नहीं बची है। बड़ी संख्या में लाशों से कोल्ट स्टोरेज भी भर गए हैं। युव्हेनिंग शहर के एक मीट कोल्ट स्टोरेज में सबसे ज्यादा 15 हजार लाशें रखी गईं हैं। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने कई शहरों में लाशों को रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था करनी शुरू कर दी है। कई बड़े-बड़े कंटेनर भी मंगाए गए हैं, जिनमें लाशों को रखा जा रहा है। चीन से कई ऐसी तस्वीरें सामने आईं हैं, जो बेहद दर्दनाक हैं। आइए जानते हैं चीन की ताजा हालत क्या है?

चीन में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग हर शहर में हजारों मरीज रोज मिल रहे हैं। पूरे देश के आंकड़े देखें तो एक करोड़ से अधिक संक्रमितों की पहचान प्रतिदिन हो रही है। शुक्रवार को 24 घंटे के अंदर रिकर्ड 3.70 करोड़ मरीजों की पहचान हुई थी। इसके पहले 20 दिसंबर को 3.69 करोड़ से अधिक मरीज पाए गए थे। एक दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच 24 करोड़ 80 लाख से ज्यादा लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।

कोरोना का कहर इस कदर हावी है कि हर रोज आठ से दस हजार लोगों की मौत हो रही है। रविवार 25 दिसंबर को 24 घंटे के अंदर 16 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। अकेले बीजिंग में आठ हजार लोगों की मौत हुई। इसके पहले 21 दिसंबर को सबसे ज्यादा 10 हजार 700 लोगों की मौत बीजिंग में हुई थी। पूरे चीन में हर रोज 10 से 18 हजार लोगों की जान जा रही है।

चीन में मरने वालों की संख्या इतनी तेजी से बढ़ गई है कि लाशों को रखने के लिए जगह भी नहीं बची। सारे कब्रिस्तान व अंतिम संस्कार स्थलों पर तीन से पांच दिनों की वेटिंग चल रही है। लोग 24-24 घंटे लाशों को गाड़ियों में रखकर सड़क पर लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। अस्पतालों के स्टोर रूम से लेकर छत और गलियारे तक लाशों से भर गए हैं। चीन सरकार के आदेश पर बड़ी संख्या में मीट कोल्ड स्टोरेज में शवों को रखने की व्यवस्था की गई। बताया जाता है कि सैकड़ों की संख्या में कोल्ड स्टोरेज भी लाशों से भर गए हैं। अब सरकार नए कोल्ड स्टोरेज भी खुलवा रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी ने आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अमरावती ,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में श्रीशैलम मंदिर में पूजा-अर्चना की और विभिन्न विकास कार्यो की आधारशिला रखी। एक हेलीकप्टर द्वारा हैदराबाद से सुन्नीपेंटा हेलीपैड पर पहुंचने पर आंध्र प्रदेश के बंदोबस्ती मंत्री कोट्टू सत्यनारायण, वित्त मंत्री बुगना राजेंद्रनाथ, स्थानीय विधायक शिल्पा चक्रपाणि रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहां से राष्ट्रपति सड़क मार्ग से श्रीशैलम मंदिर पहुंची।

हैदराबाद से राष्ट्रपति के साथ तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और केंद्रीय पर्यटन एवं संसति मंत्री जी. किशन रेड्डी भी श्रीशैलम पहुंचे।मंदिर में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री आर के रोजा, अन्य जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी की। पुजारियों और मंदिर के अधिकारियों ने उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। उन्होंने रत्नागरभा गणपति स्वामी मंदिर में दर्शन किए।

बाद में राष्ट्रपति ने श्रीशैलम मल्लिकार्जुन स्वामी का रुद्राभिषेक किया और ब्रमराम्बिका देवी का कुमकुमारचना किया।उन्होंने श्रीशैलम मंदिर के विकास से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के राष्ट्रीय मिशन के तहत 43 करोड़ रुपये के कार्य शुरू किए गए। उन्होंने श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र का भी दौरा किया।मुर्मू ने बाद में पांच दिवसीय शीतकालीन प्रवास के लिए हैदराबाद वापसी की।इससे पहले वह विशेष विमान से शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंची थीं और बाद में हेलीकप्टर से श्रीसैलम के लिए रवाना हो गईं।

## भारत आए 8 विदेशियों के कोरोना संक्रमित मिलने से हड़कंप, चिंता बढ़ी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** देश में कोरोना संक्रमण से जुड़ी बड़ी खबर है। भारत आए 8 विदेशी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बिहार के गया एयरपोर्ट पर जांच के दौरान चार विदेशी पर्यटकों की कोरोना पजिटिव रिपोर्ट आने के बाद हड़कंप मच गया है। गया एयरपोर्ट पर बैंकक के 3 और म्यांमार के 1 शख्स की कोरोना रिपोर्ट पजिटिव आई है। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर म्यांमार से आए 4 विदेशियों की रिपोर्ट पजिटिव आई है। सभी के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक संक्रमितों में तीन महिलाएं है और एक पुरुष है। कोरोना पजिटिव पाई गईं तीनों महिलाएं बैंकक की रहने वाली हैं जबकि पुरुष म्यांमार के निवासी हैं। सभी को एक निजी होटल में आइसोलेशन में रखा गया है। इन विदेशियों में फिलहाल कोई लक्षण नहीं पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि उनमें कौन-सा वैरिएंट मौजूद है। कहीं उनमें बीएफ.7 तो नहीं है।

## केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को दिल्ली के एम्स अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 63 साल की वित्त मंत्री को एम्स के प्राइवेट वर्ड में रखा गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एम्स के डक्टर जल्द ही उनके स्वास्थ्य पर बयान जारी करेंगे। एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया, कोई गंभीर या घबराने वाली बात नहीं। वह ठीक हैं। रूटीन चेकअप के लिए भर्ती निर्मला सीतारमण को जल्द छुट्टी मिलने की संभावना है। अभी कल ही, एफएम सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर दिल्ली में श्सदैव अटल में पुष्पांजलि अर्पित किया।

## 2021 में उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में आई 0.1 प्रतिशत की गिरावट

**सियोल ,(एजेंसी)।** उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में एक साल पहले की तुलना में 2021 में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) लगातार दूसरे वर्ष गिर गया। 2020 में इसमें 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। 2021 में दक्षिण कोरियाई अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष की तुलना में 4.1 प्रतिशत बढ़ी।

उत्तर कोरिया की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) पिछले साल 1.42 मिलियन जीती थी। दक्षिण कोरिया का वोन 40.4 मिलियन पर 28 गुना अधिक था।

उत्तर कोरिया का व्यापार 2021 में 17.3 प्रतिशत गिरकर 710 मिलियन डलर हो गया।

पिछले साल उत्तर कोरिया का चीन के साथ 95.6 प्रतिशत व्यापार हुआ। इसके बाद क्रमशरू वियतनाम और भारत से 1.7 प्रतिशत और 0.4 प्रतिशत व्यापार हुआ।

2021 में उत्तर का खाद्य फसलों का उत्पादन 4.69 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो एक साल पहले की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है। यह दक्षिण कोरिया के 4.46 मिलियन टन से ऊपर रहा।

दक्षिण कोरिया की 51.75 मिलियन की तुलना में उत्तर कोरिया की जनसंख्या पिछले वर्ष 25.48 मिलियन थी।

पिछले साल उत्तर कोरियाई पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67 वर्ष थी, जबकि महिलाओं के 73.8 वर्ष तक जीने की उम्मीद थी।

इसकी तुलना में दक्षिण कोरियाई पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 80.9 और महिलाओं की 86.8 है।

# अस्पतालों में सांस के मरीजों की संख्या बढ़ी तो समझें खतरे की घंटी, केंद्र ने राज्यों को किया अलर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कोरोना ने विश्व भर में एक बार फिर अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। वहीं भारत में भी कोरोना मरीजों की संख्या में इजाफा होता दिखाई दे रहा है। इन कोविड केसों को देखते हुए केंद्र सरकार ने देश में कोविड के नए खतरे को लेकर फिर आगाह किया है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने व अस्पतालों में भर्ती होने वालों पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यदि देश के कुछ क्षेत्रों में कोविड-19 से संबंधित अस्पताल में भर्ती होने या सांस के मरीजों में अचानक उछाल आता है, तो यह हमारे लिए खतरे का संकेत होगा। इसलिए सभी अस्पतालों को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। रोगियों की संख्या में किसी भी असामान्य वृद्धि की पहचान करनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य अस्पतालों में कोरोना वायरस के केसों पर भी नजर रखें।बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को कोविड-19 के प्रबंधन और टीकाकरण की समीक्षा के लिए राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने कहा कि अस्पतालों में निगरानी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यों में सीवेज और अपशिष्ट जल की निगरानी पर भी जोर दिया जाना चाहिए, ताकि मल के जरिए वायरस का संक्रमण रोका जा सके।यह भी समुदाय के भीतर बीमारी के फैलने के शुरुआती संकेतों में से एक है। सीवेज नमूना परीक्षण भी अतीत में पोलियो की निगरानी का एक प्रमुख तरीका रहा है। सामुदायिक निगरानी के लिए इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी के लिए एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क बनाया गया है।स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इन बीमारियों के मरीजों के 25 से 30 फीसदी मामले कोविड पजिटिव में बदल जाते हैं। यही कारण है कि इन मामलों की जांच करना महत्वपूर्ण है। ठंड या सर्दी के मौसम में वैसे भी फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं।

केंद्र के निर्देश पर मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में होने वाली मक ड्रिल की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को मक ड्रिल के लिए राज्यों को एक फर्म उपलब्ध कराया है, जिसे कोविन इंडिया पोर्टल से डाउनलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इस फर्म को मक ड्रिल के साथ ही भरना होगा और उसी समय अपलोड करने के साथ ही दिल्ली में कोरोना वार रूम में जानकारी देनी होगी। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 27 दिसंबर की सुबह मक ड्रिल होने जा रही है।

कोरोना का वायरस बहुत तेजी से अपना स्वरूप बदलता है। अब तक इसमें 18 हजार से भी अधिक बार परिवर्तन देखने को मिले हैं। बीते एक वर्ष से पूरी दुनिया में कोरोना के ओमिक्रन वैरिएंट से जुड़े उप वैरिएंट ही प्रसारित हो रहे हैं।

## पचास रूपये की घूस मांगने पर आरक्षी निलंबित

**बलिया ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के शिवपुर दियर चौकी पर तैनात एक आरक्षी को 50 रूपये की रिश्वत मांगने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि शिवपुर दियर पुलिस चौकी पर तैनात आरक्षी आयुष सिंह का घूस मांगने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह बिहार सीमा पर जनेश्वर मिश्र सेतु से सामान लदे भारी वाहनों की आवाजाही के लिए पचास रुपए की घूस मांग रहा है।इस दौरान एक वाहन चालक एडवांस में पचास रुपया जमा करने की बात कह रहा है तो आरक्षी भड़क जाता है तथा अपशब्द बोलने लगता है। इसके बाद वाहन चालक पचास रुपए के स्थान पर तीस रुपए दे रहा है ।

## जलील की हत्या के मामले में दो महिलाएं सहित पांच लोग गिरफ्तार

**मंगलूरु ,(एजेंसी)।** कर्नाटक में सूरतकल के पास कटिपल्ला के चौथे ब्लक में बीती रात अब्दुल जलील (45) की हत्या के मामले में मैंगलोर सिटी पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शक है कि जलील पर कुछ लोगों ने हमला किया और महिलाओं के साथ उसके दुर्व्यवहार के कारण उसकी हत्या कर दी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कल हत्याकांड को लेकर दक्षिण कन्नड़ और उडुपी के कटिपल्ला के लोगों से मामले से जुड़ी किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की तथा पुलिस से निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया।

पुलिस ने बताया कि एक महिला से संबंध को लेकर जलील का कुछ पुरुषों से झगड़ा हो गया था।

पुलिस ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से बीच-बचाव कर मामले को सुलझाया।

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# एलएसी पर प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल की तैनाती को मिली मंजूरी

नई दिल्ली ,(एजेंसी)। भारत-चीन सीमा पर तनातनी के बीच रक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के लिए 120 प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल खरीदने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। मिसाइल से भारत को बहुत फायदा होगा। बताया गया है कि मिसाइल को चीन सीमा पर तैनात किया जाएगा। ये मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर के बीच दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर सकती हैं। ये पहली बार होगा जब बैलिस्टिक मिसाइलों को सामरिक अभियानों में इस्तेमाल किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि रकेट बलों को बनाने की परियोजना को बढ़ावा मिला है, क्योंकि लगभग 120 प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल खरीदने के प्रस्ताव को एक उच्च स्तरीय रक्षा मंत्रालय की बैठक से मंजूरी मिल गई है।उन्होंने बताया कि मिसाइलों का अब बड़ी संख्या में उत्पादन किया जाएगा और निकट भविष्य में परिचालन सेवा में शामिल होने के लिए तैयार होने की उम्मीद है। यह परियोजना सशस्त्र बलों के लिए रणनीतिक रकेट बल बनाने के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगी, जैसा कि दिवंगत चीफ अफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत द्वारा किया जा रहा था।मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली में अत्याधुनिक नेविगेशन और एकीत वैमानिकी शामिल है। प्रलय सतह से सतह पर मार करने वाली अर्ध बैलिस्टिक मिसाइल है। इंट-रसेप्टर मिसाइलों को हराने में सक्षम होने के लिए एडवांस मिसाइल को विकसित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह की मिसाइलें अपने सैनिकों को दुश्मन के हवाई रक्षा स्थलों या इसी तरह के उच्च मूल्य के लक्ष्यों को पूरी तरह से नष्ट करने या बाहर निकालने की जबरदस्त क्षमता देती हैं।प्रलय मिसाइल की गति करीब 2000 किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। अगर पड़ोसी देशों की बात करें तो चीन के पास इस स्तर की डोंगदें ग-12 मिसाइल है जबकि, पाकिस्तान के पास गजनवी, एम-11 (चीन से मिली) और शाहीन मिसाइल है। माना जा रहा है कि प्रलय में रात में भी हमला करने की तकनीक लगाई गई है।

## पुण्यतिथि पर शंकरदयाल शर्मा को नमन किया

**भोपाल ,(एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति ड शंकरदयाल शर्मा को आज उनकी पुण्यतिथि पर मध्यप्रदेश में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रिमंडल के सदस्यों और अनेक राजनेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चौहान ने ट्वीट के जरिए कहा है, मध्यप्रदेश के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व राष्ट्रपति ड शंकरदयाल शर्मा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आपके प्रखर विचार और आदर्श जीवन देशवासियों को राष्ट्र व समाज की उन्नति के लिए कार्य करने हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

## हत्या से पहले श्रद्धा को टार्चर कर रहा था आफताब!

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** श्रद्धा मर्डर में दिल्ली पुलिस को ऐसा ओडियो हाथ लगा है जिसे वह बड़ा सबूत मान रही है। पुलिस को आफताब का एक अडियो मिला है जिसमें आफताब श्रद्धा से लड़ाई झगड़ा कर रहा है। इस अडियो में अफताब और श्रद्धा के बीच बहस होती सुनाई दे रही है। इतना ही नहीं अडियो से साबित हो रहा है कि आफताब श्रद्धा को टर्चर कर रहा था।

वहीं इस मामले में जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है की इस अडियो से हत्याकांड की जांच में कत्ल का मोटिव पता करने में काफी मदद मिलेगी। पुलिस इसी अडियो से आफताब

### पुलिस को मिला बड़ा ऑडियो सबूत

की आवाज का मिलान करने के लिए उसका वयस सैंपल लेगी। सीबीआई की सीएफएसएल टीम आफताब का वयस सैंपल लेगी। बता दें फिलहाल आफताब अभी तिहाड़ जेल में बंद है। उसे सोमवार सुबह 8 बजे तिहाड़ जेल से सीबीआई ले जाएगी।

बता दें कि श्रद्धा वल्कर हत्याकांड में आरोपी आफताब ने अपनी ही लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वल्कर की बेरहमी से हत्या कर दी थी। फिर उसके शव के 35 टुकड़े कर महरौली के जंगलों में दें क दिया था।

## महिला कोलकाता हवाईअड्डे पर मिली कोविड से संक्रमित

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** अस्ट्रेलिया में रह रही एक ब्रिटिश नागरिक यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कोविड-19 से संक्रमित मिली है। महिला किलबर्न मैरी कोलकाता से बोधगया जाने वाली थी। आरटी-पीसीआर परीक्षण में वह कोविड-19 पजिटिव पाए जाने के बाद उसे तुरंत उत्तरी कोलकाता के बेलगेट संक्रामक रोग अस्पताल में भेज दिया गया।

## शाही ईदगाह सर्वे के मामले में ओवैसी ने की मथुरा अदालत के आदेश की आलोचना

**हैदराबाद ,(एजेंसी)।** एआ-ईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को शाही ईद्गाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए मथुरा अदालत के आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि दीवानी मामले में सर्वेक्षण का आदेश देना आखिरी विकल्प होना चाहिए। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा, मेरी राय में कोर्ट गलत है। मैं इस आदेश से असहमत हूं। कानूनी विशेषज्ञ अच्छी तरह से जानते हैं और उन्होंने मुझे यह भी बताया है कि एक सर्वेक्षण का आदेश अदालत द्वारा केवल अंतिम विकल्प के रूप में दिया जाता है, वो भी तब, जब शीर्षक या कुछ भी साबित करने के लिए कोई कागजात नहीं होते हैं। अल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता ने कहा कि अदालत ने सर्वेक्षण को पहले विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह अंतिम विकल्प होना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि दीवानी अदालत ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का उल्लंघन किया, जो स्पष्ट है कि बाबरी मस्जिद को छोड़कर, 15 अगस्त, 1947 को बने धार्मिक स्थलों की प्रति में बदलाव नहीं किया जा सकता है।

### वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी , बोले

# साहिबजादों की शौर्यगाथा को भुलाया गया, लेकिन अब देश भूल सुधार रहा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर बाल दिवस के अवसर पर (एजेंसी), 2022 को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित विशेष कार्यक्रम के शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उपस्थित रहे। पीएम मोदी ने ट्विटर पर कहा, श्वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों और माता गुजरी जी के साहस को याद करते हैं। हम गुरु गोबिंद सिंह जी के साहस को भी याद करते हैं।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शहीदी सप्ताह और वीर बाल दिवस हमारी सिख परंपरा के लिए भावों से भरा जरूर है लेकिन इससे आकाश जैसी अनंत प्रेरणा जुड़ी हैं। वीर बाल दिवस हमें याद दिलाएगा कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय आयु मायने नहीं रखती। यह याद दिलाएगा कि दस गुरुओं का योगदान क्या है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं वीर साहिबजादों के चरणों में नमन करते हुए उन्हें तज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसे मैं अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि उसे आज (एजेंसी) के दिन को श्वीर बाल दिवस के तौर पर घोषित करने का मौका मिला। मैं पिता दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी और सभी गुरुओं के चरणों में भी भक्तिभाव से प्रणाम करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि साहिबजादों ने इतना बड़ा बलिदान और त्याग किया, अपना जीवन न्यौछावर कर दिया, लेकिन इतनी बड़ी श्शौर्यगाथा को भुला दिया गया। लेकिन अब श्नया भारत दशकों पहले हुई एक पुरानी भूल को सुधार रहा है दो निर्दोष बालकों को दीवार में जिंदा चुनवाने जैसी दरिंद्गी क्यों की गई? वो



इसलिए, क्योंकि औरंगजेब और उसके लोग गुरु गोविंद सिंह के बच्चों का धर्म तलवार के दम पर बदलना चाहते थे। लेकिन, भारत के वो बेटे, वो वीर बालक, मौत से भी नहीं घबराए। वो दीवार में जिंदा चुन गए, लेकिन उन्होंने उन आततायी मंसूबों को हमेशा के लिए दफन कर दिया।

पीएम ने कहा कि उस दौर की कल्पना करिए! औरंगजेब के आतंक के खिलाफ, भारत को बदलने के उसके मंसूबों के खिलाफ, गुरु गोविंद सिंह जी पहाड़ की तरह खड़े थे। लेकिन, जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब जैसे कम उम्र के बालकों से औरंगजेब और उसकी सल्तनत की क्या दुश्मनी हो सकती थी? इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अगर हमें भारत को भविष्य में सफलता के शिखरों तक लेकर जाना है, तो हमें अतीत के संकुचित नजरियों से भी आजाद होना होगा।

मालूम हो कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी के असाधारण साहस और बलिदान को याद करते हुए भारत सरकार ने (एजेंसी) को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। भारत सरकार ने इस मौके पर साहिबजादों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में नागरिकों, खास तौर पर बच्चों को शिक्षित करने के लिए देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

# महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप : मंजू रानी समेत रेलवे की 8 मुक्केबाज फाइनल में पहुंचीं



भोपाल ,2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (48 किग्रा) और 2017 वर्ल्ड यूथ चैंपियन ज्योति गुलिया (52 किग्रा) सहित आठ मुक्केबाज एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मुक्केबाजी के फाइनल में प्रवेश किया। मंजू रानी ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और मध्य प्रदेश की अंजलि शर्मा के खिलाफ एकतरफा बाउट में शानदार प्रदर्शन किया। मंजू ने 5–0 से जीत लिया। वह सोमवार को फाइनल में तमिलनाडु की एस कलाइवानी से भिड़ेंगी।अन्य 6 रेलवे मुक्केबाज जो फाइनल में पहुंचीं। उनमें अनुपमा (50 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), पूनम (60 किग्रा), शशि (63 किग्रा), अनुपमा (81 किग्रा) और नूपुर (81 प्लस किग्रा) शामिल हैं।

तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करने वाली मौजूदा विश्व चैम्पियन निखत जरीन (50 किग्रा) ने एआईपी की शविंदर कौर के खिलाफ आराम से 5–0 से जीत दर्ज की। अगले दौर में निखत अनामिका से भिड़ेंगी।

असम की लवलीना बोगोरहेन (75 किग्रा) ने भी मध्य प्रदेश की जिज्ञासा राजपूत के खिलाफ आसानी से जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने पूरे बाउट में नियम तय किए और फाइनल में आगे बढने के लिए सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना स्वर्ण पदक बाउट में एसएससीबी की 2021 विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी से भिड़ेंगी।

2021 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा (57 किग्रा) ने करीबी मुकाबले में आरएसपीबी की सोनिया लाथेर को 4–1 से हराया, जिसमें दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में हरियाणा की मनीषा जीत गईं। फाइनल में उनका मुकाबला हिमाचल प्रदेश की विनक्षी से होगा। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने एआईपी की क्रेस हमंगईहसांगी को शिकस्त दी ।

# संतोष ट्रॉफी : जयदीप की हैट्रिक से दिल्ली को मिली बड़ी जीत, कर्नाटक व गुजरात भी जीते

नई दिल्ली ,जयदीप सिंह की हैट्रिक ने मेजबान दिल्ली को हीरो संतोष ट्रॉफी 76वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप एक में पहली जीत दिलाई। कर्नाटक और गुजरात ने भी इस क्लस्टर में अपने मैच जीते। त्रिपुरा के साथ अपने पहले मैच में गोल रहित ड्रा खेलने वाली दिल्ली के तेवर रविवार को खतरनाक नजर आए। डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में दिल्ली ने लद्दाख को 7–0 से हराया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए अन्य मैचों में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3–1 से जबकि गुजरात ने त्रिपुरा को 6–0 से हराया। दिल्ली की जीत के हीरो रहे स्ट्राइकर जयदीप सिंह ने तीन गोल किए। अपने पिछले मैच की तुलना में रविवार को दिल्ली का खेल बिल्कुल अलग नजर आया। विशेष रूप से, अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने लगभग आधा दर्जन मौके गंवाने के बावजूद मेजबान टीम को बड़े अंतर से जीत दिलाई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयदीप ने 47वें, 88वें और 90/1 मिनट में अपने तीन गोल किए। अनुभवी स्ट्राइकर अजय सिंह रावत (35वें और 90/4वें मिनट) के दोनों गोल भी काबिले तारीफ रहे।

जीत के साथ दिल्ली ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं। कर्नाटक ग्रुप–1 में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। कर्नाटक ने रविवार को अपना लगातार दूसरा मैच जीता। वहीं गुजरात दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उत्तराखंड, त्रिपुरा और लद्दाख के दो मैचों में एक–एक ड्रॉ से एक–एक अंक हैं।

इससे पहले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में कर्नाटक ने कड़े मुकाबले के बाद उत्तराखंड को 3–1 से हराया। जैकब जॉन कट्टुकरेन ने मैच का पहला गोल 21वें मिनट में कर कर्नाटक को बढ़त दिलाई। लेकिन 44वें मिनट में उत्तराखंड के लिए अजय बिष्ट ने बराबरी कर ली (1–1)। लेकिन स्टॉपेज टाइम के दौरान, शजान



फ्रैंकलिन ने 45/3वें मिनट में गोल करके कर्नाटक को 2–1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में उत्तराखंड ने आक्रामक फुटबॉल खेली, लेकिन मैच खत्म होने से ठीक पहले अंकित पी. ने 90/3वें मिनट में गोल दागकर कर्नाटक को 3–1 से जीत दिला दी। दिन के तीसरे मैच में गुजरात ने त्रिपुरा को 6–0 से रौंद दिया, जिसमें जय कनानी ने 20वें, 67वें, 90/2वें और 90/5वें मिनट में हैट्रिक सहित चार गोल किए। उसके लिए कप्तान मोइनुद्दीन और धर्मेश परमार अन्य स्कोरर रहे।

## महान फुटबॉलर पेले की हालत बेहद नाजुक, अस्पताल पहुंचा पूरा परिवार, बेटे ने शेयर किया भावुक पोस्ट



साओ पाउलो , ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की हालत एक बार फिर गंभीर हो गई है और उन्हें कुछ दिन और अस्पताल में ही बिताना पड़ेगा। पेले पर निगरानी रख रही मेडिकल टीम का कहना है कि उनका कैंसर बढ़ गया है और इसकी वजह से उनकी लीवर और किडनी पर भी असर पड़ रहा है। उनका उचित उपचार किया जा रहा है, लेकिन उन्हें कुछ और दिन अस्पताल में रहना होगा। बता दें कि 82 साल के पेले बीते नवंबर से ही अस्पताल में भर्ती हैं।

पेले के बेटे एडसन चोल्बी नैसिमेंटो अस्पताल पहुंचे। उन्हें एडिन्हो के नाम से जाना जाता है। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो भी अस्पताल में ही हैं। एडिन्हो ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने लिखा, पापा मेरी ताकत आप हैं।आपको बता दें कि पेले को पिछले साल सितंबर में कोलोन ट्यूमर हटाया गया था। उसके बाद उनकी कीमोथेरेपी की गई। पेले पहले भी कई बार अस्पताल में भर्ती हुए थे। इस बार भी वह नियमित जांच के लिए आए थे, लेकिन धीरे–धीरे उनकी हालत नाजुक होने लगी और वह अब तक बाहर नहीं निकल पाए हैं। इसके बाद पेले को हार्ट से संबंधित समस्याएं होने लगीं। इसके बाद उन्हें फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील को विश्व कप जिताया था। नेमार ने हाल ही में 2022 फीफा विश्व कप के दौरान ब्राजील के अग्रणी स्कोरर (77 गोल) के पेले के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी की।

### आईएसएल : केरल ब्लास्टर्स एफसी के इश्फाक बोले, प्रशंसकों का समर्थन हमें ओडिशा एफसी के खिलाफ मदद करेगा

कोच्चि ,केरला ब्लास्टर्स एफसी के सहायक कोच इश्फाक अहमद ने कहा कि यह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022–23 सीजन के सबसे महत्वपूर्ण मैचों में से एक होने जा रहा है, क्योंकि उनकी टीम अगले मुकाबले में ओडिशा एफसी का सामना करेगी। उन्हें यह भी लगता है कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 'येलो आर्मी' के समर्थन से उन्हें सकारात्मक परिणाम हासिल करने में मदद मिलेगी। केरला ब्लास्टर्स एफसी और ओडिशा एफसी सभी तीन अंक प्राप्त करना चाहेंगे, क्योंकि दोनों टीमों के पास समान अंक हैं। एटीके मोहन बागान की नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से हार के साथ, एक जीत से दोनों टीमों को आईएसएल अंक में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। इश्फाक अहमद ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच है।

# हॉकी विश्व कप : सफल राष्ट्रव्यापी दौरे के बाद ओडिशा लौटी ट्रॉफी

भुवनेश्वर ,एक सफल राष्ट्रव्यापी दौरे के बाद एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप 2023 के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी ओडिशा वापस आ गई। ट्रॉफी अब अगले तीन हफ्तों में ओडिशा के राज्यव्यापी दौरे पर जाएगी और लगभग 30 जिलों की यात्रा करेगी। भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पद्म डॉ दिलीप टिर्की को ट्रॉफी भेंट करते हुए ट्रॉफी दौरे की शुरुआत की। ट्रॉफी पिछले तीन हफ्तों में राष्ट्रीय राजधानी सहित 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में घूमी थी।25 दिसंबर को भुवनेश्वर लौटने से पहले ट्रॉफी पश्चिम बंगाल, मणिपुर, असम, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ से होकर गुजरी। ट्रॉफी को ओडिशा के खेल मंत्री तुषारकांति बेहेरा, दिलीप टिर्की और भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास द्वारा रिसीव किया गया।

राष्ट्रव्यापी दौरे के दौरान प्रत्येक स्थल पर ट्रॉफी के अनावरण को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक एकत्र हुए और प्रतिष्ठित अवसरों की शोभा बढ़ा रहे थे। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच विश्व कप 2023 भुवनेश्वर–राउरकेला के लिए शुभकामनाएं दीं। इस बारे में रविवार को हॉकी इंडिया ने सूचित किया। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने कहा, हम हॉकी इंडिया को इतने बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी ट्रॉफी दौरे के आयोजन में उनके जबरदस्त प्रयासों के लिए बधाई देते हैं। देश भर में हमारे प्रिय खेल के प्रशंसक हॉकी हमेशा ओडिशा के लोगों के बीच सबसे प्रिय खेलों में से एक रहा है और प्रशंसकों को ट्रॉफी की एक झलक पाने का मौका देने से पहले यह हमारे लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात है। हमें विश्वास है कि एफआईएच ओडिशा हॉकी वर्ल्ड



कप 2023 भुवनेश्वर–राउरकेला एक अविस्मरणीय टूर्नामेंट होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, ट्रॉफी दौरे के लिए हमें जो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, उससे हम खुश हैं। प्रत्येक राज्य में, हमने खेल के अपने दिग्गजों को सम्मानित किया, जो इस अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित थे। एफआईएच ओडिशा हॉकी वर्ल्ड कप 2023 भुवनेश्वर–राउरकेला 13 जनवरी, 2022 से शुरू होगा। मेजबान भारत, जिन्हें स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। 13 जनवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## फिल्मी गपशप

# पवन कल्याण के साथ इस पैन इंडिया फिल्म में नजर आएंगे बॉबी देओल



अपने करियर की दूसरी पारी में बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में आई क्लास ऑफ 83, आश्रम और लव हॉस्टल जैसी फिल्मों और सीरीज के जरिए लोगों का दिल जीता है। वहीं अब खबर आ रही है कि बॉलीवुड में अपने पैर जमाने के बाद बॉबी साउथ इंडस्ट्री का रुख करने वाले हैं। बॉबी जल्द ही तेलुगू स्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म में नजर आएंगे।

बता दें कि ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए यह खबर साझा की है। बॉबी के साउथ डेब्यू की खबर मिलने से उनके फैंस उत्साहित हो गए हैं। तरण के पोस्ट पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, वाह क्या कॉम्बिनेशन है, पावर स्टार बनाम बॉबी। बता दें कि पवन कल्याण को लोग पावर स्टार भी कहते हैं। वहीं, अन्य यूजर ने लिखा, बॉबी को सलमान खान ने ही आश्रम साइन करने के लिए राजी किया था।

बॉबी की फिल्म हरि हारा वीरा मल्लू का निर्देशन कृष जगरलामुदी द्वारा किया जा रहा है। बता दें, मेकर्स इस फिल्म का टीजर रिलीज कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह फिल्म अगले साल गर्मियों में तेलुगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी को मुगल काल में सेट किया गया है, जब डाकू वीरा मल्लू को मुगलों से कोहिनूर हीरा चुराने का काम सौंपा गया था।

बॉबी के साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल की भी यह पहली तेलुगू फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अर्जुन इस फिल्म में मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका निभाएंगे। बता दें कि पहले इस फिल्म के लिए अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को साइन किया गया था, लेकिन डेट्स न मिलने की वजह से उनकी जगह अभिनेत्री नरगिस फाखरी को साइन कर लिया गया है। नरगिस इस फिल्म में औरंगजेब की बहन रोशनआरा की भूमिका निभाएंगी।

अभी बॉबी, संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म ऐनिमल में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर और अनिल कपूर भी नजर आएंगे। उन्होंने हाउसफुल फ्रैंचाइजी की अगली फिल्म हाउसफुल 5 भी साइन की है। इसके अलावा वह 2007 में आई फिल्म अपने के सीक्वल में भी अभिनय करते दिखेंगे। बता दें कि बॉबी ने कुणाल कोहली की फिल्म श्लोक– द देसी शेरलॉक की शूटिंग की पूरी कर ली है।



## सुपरस्टार अदिवी शेष की तेलुगू फिल्म हिट, हिंदी में होगी रिलीज



साउथ के सुपरस्टार अदिवी शेष की तेलुगू फिल्म हिट 2 30 दिसंबर को हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित इस फिल्म का वितरण ग्रैंडमास्टर और बी4यू द्वारा पूरे देश में किया जाएगा। फिल्म में अदिवी शेष एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते हैं जो एक हत्या की जांच करता है। तेलुगु फिल्म 2 दिसंबर को स्क्रीन पर आई और हैदराबाद में हाउसफुल शो के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, इस तरह की अफवाह है कि हिट 2 की कहानी कुख्यात श्रद्धा वाकर हत्याकांड से मिलती–जुलती है, जिसने भारत को झकझोर करके रख दिया है। फिल्म मेजर के बाद इस साल सुपरस्टार अदिवी शेष की यह दूसरी रिलीज है, जो इस साल की शुरूआत में अलग–अलग भाषाओं में रिलीज हुई थी। अदिवी शेष की फिल्म मेजर ने अच्छा प्र्दशन किया था।

# मैं जीतने के लिए बना हूं : यश



पैन–इंडिया स्टार यश के लिए साल 2022 शानदार रहा। उनकी फिल्म केजीएफः चैप्टर 2 ने बॉक्स–ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए। अभिनेता का कहना है कि वह जीतने के लिए बने हैं। यश ने खुलासा किया, बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं, अब आप क्या करते हैं, आप क्या कर सकते हैं (केजीएफ की सफलता के बाद), मैंने कहा कि आपको क्या लगता है, यह अंतिम है (केजीएफ और बॉक्स ऑफिस नंबर की सफलता) हो सकता है आपके लिए है या किसी और के लिए है।मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो यह कहने जा रहा है कि मुझे बस इस सफलता को भुनाना चाहिए, खुद को स्थापित करना चाहिए और अभी आराम करना चाहिए। मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो प्रशासन के लिए बना हो, मैं कोई ऐसा व्यक्ति हूं जो और अधिक जीतने के लिए तैयार है। आगे एक्टर ने कहा, मैं कुछ ऐसा करूंगा जो मुझे रोमांचित करे। यह ठीक है अगर मैं लड़ते हुए मर जाऊं लेकिन मैं कोई ऐसा व्यक्ति हूं जो किसी ऐसी चीज के लिए लड़ रहा हूं जो मुझे उत्साहित करती है। यश ने केजीएफः चैप्टर 2 के साथ दुनिया भर में 1,250 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई के साथ साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर दी है।

# याद करोगे में साथ आए कावेरी प्रियम, रवि भाटिया और इमरान नजीर

दिल दियां गल्लां की अभिनेत्री कावेरी प्रियम, जोधा अकबर से चर्चा में आए रवि भाटिया और इमरान नजीर एक संगीत वीडियो याद करोगे में एक साथ नजर आएंगे। संदीप जायसवाल के गाए इस गीत की शूटिंग उदयपुर में की गई है। गीत के बोल संजीव श्रीवास्तव ने लिखे हैं और संगीत गौरव–संदीप का है।

इमरान ने कहा, इस गाने की शूटिंग उदयपुर में हुई है। यह एक प्रेम त्रिकोण के बारे में है। इसमें मेरी शादी कावेरी से हो रही है और रवि भाटिया उसके अंगरक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। मैडम सर के अभिनेता ने गीत में दर्शाई गई कहानी के बारे में और खुलासा करते हुए कहा, यह उदयपुर के शाही महल में सेट की गई कहानी है, जिसमें दिखाया गया है कि मैं और कावेरी शादी कर रहे हैं। कावेरी उसके अंगरक्षक की भूमिका निभा रहे रवि भाटिया को धोखा देती है। वे दोनों पहले रिश्ते में थे। फिर, भाग दो में दिखाया जाएगा कि रवि को धोखा देते हुए पकड़ा गया था, जिस कारण कावेरी ने उसे छोड़कर मुझसे शादी करने का फैसला किया। सह–



अभिनेताओं कावेरी और रवि के साथ काम करने के अपने अनुभव पर उन्होंने कहा, यह एक अद्भुत अनुभव था और साथ ही काफी चुनौतीपूर्ण भी था क्योंकि वहां काफी गर्मी थी। इसके अलावा, भारी वेशभूषा के साथ यह मुश्किल था। यह काम करने का एक मजेदार अनुभव था, क्योंकि हर कोई सेट पर एक–दूसरे को सहयोग दे रहा था। कावेरी और रवि के साथ काम करना मजेदार था। दोनों सच्चे इंसान हैं और प्यारे सह कलाकार हैं।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com